# बिहार चुनाव में फिर पक्की दारू-पक्का वोट की गूंज



-अजय कुमार

बिहार विधान सभा चुनाव की आहट जैसे-जैसे तेज होती जा रही है, वैसे-वैसे यूपी से बिहार के लिये अवैध शराब की तस्करी भी बढ़ने लगी है। इसी के साथ पक्की दारू पक्का वोट की पुरानी कहावत एक बार फिर बिहार में सुनाई देने लगी है। दरअसल, राज्य में लागू शराबबंदी के बावजूद शराब के प्रति लोगों की ललक और नेताओं की सियासी जरूरत दोनों ही शराब तस्करी को बढ़ावा देते हैं। खासकर चुनाव के वक्त, जब वोटों को साधने के लिए दारू एक बड़ा हथियार बन जाती है, तब तस्करी नेटवर्क और ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। इसी लिये उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल जैसी राज्यों से शराब की खेप बिहार पहुंचाई जाती है, जिसमें सबसे बड़ा योगदान यूपी का है। इस बार तो चुनावी मौसम की तैयारी में तस्करी नेटवर्क कुछ और ज्यादा रणनीतिक हो गया है। चंदौली, वाराणसी, बलिया, गाजीपुर, देवरिया, सोनभद्र, कुशीनगर समेत यूपी के सीमावर्ती जिलों से हर रोज शराब की खेप चोरी-छिपे बिहार पहुंच रही है। पुलिस की सख्ती और चेकिंग के बावजूद तस्कर नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में चंदौली पुलिस ने ट्रक की तलाशी में व्हाइट सीमेंट की बोरियों के पीछे छुपाकर रखी 720 पेटियां विदेशी शराब जब्त की, जिसकी कीमत 1.12 करोड़ रुपए थी। यह खेप पंजाब से तस्करी कर बिहार भेजी जा रही थी और चुनावी तैयारियों के लिहाज से इसे बांटा जाने वाला था।

तस्करों के नेटवर्क का विस्तार यूपी के ग्रामीण इलाकों से लेकर बड़े शहरों तक फैला हुआ है। वे अक्सर रेलवे लाइन, हाईवे और नदी तंत्र का इस्तेमाल करते हैं, जिससे ट्रांसपोर्ट आसान हो जाता है। हाल के महीनों में कोपागंज पुलिस और एसओजी टीम ने मऊ में 9 लाख की शराब जब्त की। वहीं, प्रतापगढ़-मथुरा के रास्ते हरियाणा से भी अवैध शराब बिहार भेजी जा रही थी, जिसमें लाखों की खेप पकड़ी गई। यूपी और बिहार की सीमाएँ लगभग 1,060 किलोमीटर लंबी हैं, जिसकी निगरानी बड़ी चुनौती है। यही वजह है मद्य निषेध इकाई को चुनावी सीजन में सक्रियता बढ़ानी पड़ गई है। जिसके चलते शराब की तस्करी के मामले तो पकड़े जा रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा में शराब बिहार पहुंच रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से मई 2025 तक बिहार में शराब तस्करी के 64 मामले सामने आए, जिनमें से 25 प्रतिशत खेप यूपी निर्मित विदेशी शराब की थी। प्रशासन ने यूपी-पंजाब समेत 8 राज्यों से सहयोग मांगा है और सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट बढ़ाने का फैसला किया है। आगामी चुनाव में बिहार के 23 सीमावर्ती जिलों में 390 से ज्यादा चेकपोस्ट बनाने की योजना है और ड्रोन, सीसीटीवी, हैंडहेल्ड स्कैनर से निगरानी कड़ी की जा रही है।

शराब की तस्करी के पीछे सिर्फ मुनाफा ही नहीं, बल्कि बड़े सियासी समीकरण भी काम करते हैं। चुनाव के समय नेताओं और बड़ी पार्टियों के लिए अवैध दारू का नेटवर्क वोटर जुटाने का सबसे आसान जरिया बन जाता है। हर बार की तरह पक्की दारू, पक्का वोट की ताकत इस बार भी बिहार में देखी जा सकती है, जिसमें तस्कर, कारोबारी और नेताओं की सांठगांठ से शराब की बोतलें मतदाताओं तक पहुंचती हैं। इसके बदले वोट का वादा लिया जाता है जो बिहार की सियासत का ध्यानाकर्षण बिंदु बना हुआ है। प्रशासन ने क्यूआर कोड, बैच नंबर जैसी तकनीकों से अवैध शराब की पहचान-पता करना शुरू कर दिया है ताकि तस्करी के रैकेट का पदार्फाश हो सके।

कुल मिलाकर, बिहार के चुनाव में फिर दारू के साथ वोट का समीकरण चर्चा में है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद तस्करी के गिरोह तेजी से पैठ बना रहे हैं, जिससे राज्य सरकार को अपनी मद्य निषेध नीति सख्ती से लागू करनी होगी। चुनाव का मौसम जैसे-जैसे करीब आ रहा है, वैसे-वैसे शराब तस्करी का दौर और तेज होता जा रहा है और इस बार भी पक्की दारू पक्का वोट का ट्रेंड बिहार सियासत का बड़ा सच बन गया है।

# इंपीरियल के राजा प्रभु श्रीगणेश



-विक्रम दयाल

वक्रतुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः।
निर्विघ्नं कुरुमेदेवा सर्वकायेर्शु सर्वदा ।।

सह्याद्री पर्वत की श्रृंखलाओं के बीच हरीभरी वादियाँ, जिनके चारो तरफ मनमोहक वन संपदायें सुशोभित, भयंदरपाड़ा और गायमुख की हिचकोले लेती खाड़ी, या यूँ कहिए कि गायमुख की नवीनतम चौपाटी, जिसमें मोटर बोट का आनंद लेते पर्यटक, प्रतिदिन चौपाटी की किनारी पट्टी को ठाणे नगरपालिका ने स्वच्छ साफ रखते हुए कंक्रीट करके सुंदर बनाया है। चलने फिरने के लिए जो लोग चौपाटी पर आते हैं उन्हें आराम करने के लिए बेंच इत्यादि की भी व्यवस्था की है। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए नित्य सैकड़ों इंसानों की संख्याँ में सैर करने के लिए सुबह और शाम के वक्त, लोग आते रहते हैं। विकासकार्य के चलते, सड़कों पर जाम का लगना तयँ है। आजकल घोड़बंदर रोड, का जिक्र गाड़ियों के जाम लगने को लेकर लोगों में काफी चर्चायें होती रहती है। जनता के दिलों में जरुरत से ज्यादा आक्रोश भरा हुआ रहता है। स्कूल और दफ्तरों में जो लोग समय से जाना चाहते हैं, उन लोगों को सवेरे शाम जाम लगने के कारण, आने जाने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोग आसानी से अपने अपने कार्य क्षेत्रों की तरफ और स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे जाम लगने की वजह से स्कूल में घंटों विलंब से पहुँचते हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदेजी और परिवहन मंत्री श्री प्रताप सरनाइकजी के सहयोग से मेट्रो का काम इस समय बड़ी तेजी से चलने लगा है और जाम के संकट से उबरने से लिए बड़ी बड़ी गाड़ियों के चलन में कुछ बदलाव भी किये गये हैं। जिसकी वजह से जाम के संकट में थोड़ी बहुत कमी आई है। घोडबंदर रोड की सारी समस्याओं का समाधान अति शीघ्र से शीघ्र दूर होने वाला है। और भविष्य में घोड़बंदर रोड की पुनः शान-व-शौकत लोगों के हृदय को लुभाने वाली दूर से ही आकर्षित करने लगेगी। जो लोग घोड़बंदर रोड से दूर भागते है, वही एकदिन खुद-ब-खुद हाँ आयेंगे और यहीं के होकर रह जायेंगे। भयंदरपाड़ा के पास का मेट्रो स्टेशन का नाम कंदरपाड़ा है। हमारा इंपीरियल स्क्वायर, संजय गांधी उद्यान को लगकर घोड़बंदर रोड, भयंदर पाड़ा, और गायमुख संभाग के अंतर्गत आता है। महाराष्ट्र का विश्वविख्यात धार्मिक उत्सव प्रथम पुज्य गणेशजी का है। महाराष्ट्र की पवित्र भूमि में प्रभु श्री भोलेनाथ की पांच ज्योतिर्लिंग शिवलिंग हैं- त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर, परलीवैजनाथ, घृष्णेश्वर, और औंधानागनाथ जो शिव पार्वती के महान भक्त होने के प्रतीक को दर्शाते है। शिव पार्वती के पुत्र प्रभु श्रीगणेशजी की लीलाओं से सुसज्जित महाराष्ट्र कि पावन भूमि में प्रभु श्री गणेश की महिमा का दर्शन और भव्य आठ गणेश मंदिरझ मोरेश्वर, महागणपति, चिंतामणि, गिरिजात्मक, विघ्नेश्वर, सिद्धिविनायक, वल्लालेश्वर, वरदविनायक, जहाँ दस दिनों तक चलने वाला भक्तिमय आयोजन गणेश चतुर्थी से शुरू होकर अनंत चतुर्थी तक चलेगा। गणेश भक्तों के हृदय में प्रभु श्रीगणेश शिव पार्वती जी के साथ विराजमान रहेंगे। पूरे महाराष्ट्र की पावन भूमि में गणपति बप्पा मोरया की ध्वनि एकसाथ एक स्वर में गूँजेगी। हर गली, हर मोड़ पर, हर चौराहे पर, हर घरों में प्रभु श्रीगणेश का अलौकिक दर्शन बड़ी ही आसानी से हर भक्तों को मिलेगा। इस तत्वाधान को ध्यान में रखते हुए इंपीरियल के राजा प्रभु श्री गणेश जी का आगमन हो गया है। हमारे सोसाइटी के सभी लोग गणपति बप्पा मोरया प्रभु श्री गणेशजी की भक्ति में लीन होकर बड़ी ही श्रद्धा के साथ प्रभु प्रथमेश्वर, प्रथम पुज्य श्रीगणेशजी की आराधना में तहेदिल से समर्पित होकर प्रभुजी की पूजा अर्चना में लीन हैं। हमारे धर्म और कर्म की भूमि महाराष्ट्र प्रदेश का स्वागत करते हुए हम नतमस्तक हैं।




# माया राजनीति से मोह भंग की शिकार नहीं, बस सही समय का इंतजार!



-संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश में 2027 होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी काफी मशक्कत कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कहीं नजर नहीं आ रही हैं। कांग्रेस को तो फिर भी इस बात की उम्मीद है कि 2027 के चुनाव में अपने गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी की पीठ पर चढ़कर कुछ हद तक अपनी नाक बचा लेगी,लेकिन चुनाव को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की खामोशी राजनैतिक पंडितों के साथ-साथ उसके कोर वोटरों को भी समझ में नहीं आ रही है। आज यूपी में बसपा की हालत पहले जितनी बिल्कुल भी मजबूत नहीं रह गई है, बल्कि उसकी स्थिति कहीं न कहीं कमजोर पड़ती नजर आती है। वर्ष 2007 में मायावती ने बसपा को अकेले दम पर 206 सीटें जिताकर बहुमत की सरकार बनाई थी। इसके बाद से पार्टी का वोट प्रतिशत लगातार गिरता गया। यूपी विधानसभा चुनाव 2012 से लेकर लोकसभा चुनाव 2024 तक लगातार चार बड़े चुनावों में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इन हार के बाद बसपा के सामने अब अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। यही कारण है कि मायावती 9 अक्तूबर की रैली से अपने समर्थकों को एकजुट करने और विपक्षी दलों को चुनौती देने की तैयारी में हैं। उनकी कोशिश कैडर को एकजुट करने की है। भले ही बसपा में अब बड़े नेताओं का अभाव हो, लेकिन मायावती और बसपा नेता बनाने एवं संगठन को खड़ा करने के लिए जानी जाती रही हैं। ऐसे में मिशन 2027 को कैसे लेकर वे आगे बढ़ेंगी, देखना दिलचस्प रहेगा।

2012 के बाद से बसपा का सत्ता से वनवास चल रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी महज एक सीट पर सिमट गई थी और 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में उसका खाता तक नहीं खुला। वोट प्रतिशत लगातार गिरता गया है, 2022 में लगभग 13 फीसदी और 2024 में सिर्फ 9.39 फीसदी वोट मिले, जो राजनीतिक गिरावट का संकेत देता है। कभी कड़क छवि की पहचान रखने वाली मायावती के तेवर अब बिल्कुल ढीले पड़ गये हैं इसी वजह से उनके नेतृत्व में बसपा की सियासी पकड़ कमजोर हो चुकी है, खासकर गैर-जाटव दलितों का एक बड़ा हिस्सा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की तरफ शिफ्ट हो गया है और जाटव वोट बैंक में भी सेंधमारी हुई है।

इस मुश्किल हालात को भांपते हुए मायावती और उनकी टीम संगठनात्मक स्तर पर लगातार राजनीतिक एक्सरसाइज कर रही हैं। पार्टी के भीतर और बाहर रोजाना बैठकें और संगठन की नई रणनीति बन रही है। मायावती ने सत्ता में वापसी के लिए दलितों के साथ-साथ ओबीसी और मुस्लिम वोटर्स को साधने का मिशन शुरू किया है। इसके तहत मंडल, जिला और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा रहा है और एक बूथ पांच यूथ जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। मायावती की रणनीति यह है कि 2007 में जिस 'भाईचारा कमेटी' के फामूर्ले के जरिए सभी वर्गों का गठजोड़ बनाकर सत्ता हासिल की थी, उसी को फिर लागू किया जाए। संगठन की 1600 से ज्यादा टीमें गांव-गांव जाकर पोलिंग बूथ और सेक्टर कमेटी बना रही हैं, ताकि कार्यकताओं को जोड़ा जा सके और पार्टी का जनाधार बढ़ाया जा सके।

बसपा का एक और बड़ा फोकस आगामी पंचायत चुनावों पर है। पार्टी मानती है कि अगर पंचायत चुनाव में सफलता मिलती है तो विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को ऑक्सीजन मिलेगा। इसलिए पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही है और बूथ स्तर पर काम तेज कर दिया गया है। सपा और बीजेपी दोनों ने बसपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध तो जरूर लगाई है, पर मायावती यह मानती हैं कि अगर संगठनात्मक ढांचा मजबूत किया जाए और सामाजिक गठबंधन फिर से ज्यादा प्रभावी तरीके से खड़ा किया जाए तो पार्टी को दोबारा उभार मिलेगा।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, मायावती के मन में राजनीति से ऊब की स्थिति नहीं है, बल्कि आज भी वे बसपा के सियासी भविष्य के लिए पूरी संजीदगी से जुटी हुई हैं। लगातार रणनीतिक बदलाव, संगठन के विस्तार व सोशल इंजीनियरिंग के अनेक प्रयोग यह संकेत देते हैं कि मायावती सियासत से किनारा करने का कोई विचार नहीं रखतीं। लेकिन उनकी चुनौती यह है कि दलित समाज अब बसपा के साथ उतना नहीं है, जितना पहले था। उसका एक बड़ा हिस्सा बीजेपी के साथ है, कुछ मुस्लिम वोटर सपा के साथ चले गये हैं और ओबीसी वोट बैंक में भी सेंधमारी हुई है। सपा और बीजेपी दोनों ने बसपा की ताकत को काफी कमजोर कर दिया है। हाल के सालों में पार्टी के भीतर एक्टिव चेहरों जैसे आकाश आनंद के जुड़ने के बाद संगठन में नई ऊर्जा जरूर दिख रही है, मगर सत्ता की राह आसान नहीं लग रही।

2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी बसपा ने समय रहते ही शुरू कर दी है। पंचायत चुनाव में जोरदार दांव, भारी संगठनात्मक फेरबदल, नए-पुराने वोटरों को साधने की कोशिश और लगातार चल रही बैठकों से बसपा फिर मजबूती से मैदान में खड़े होने का दावा कर रही है। मायावती भाजपा और सपा के मुकाबले खुद को अलग दिखाने की कोशिश में हैं, लेकिन असली परीक्षा 2027 में ही होगी, जहां पता चलेगा कि बसपा का नया सियासी प्रयोग दलित-ओबीसी-मुस्लिम गठजोड़ के साथ क्या रंग लाता है। फिलहाल, पार्टी एक बूथ, पांच यूथ के संगठन मॉडल को जमीन पर उतार रही है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः शताब्दी वर्ष की यात्रा और समाज में सार्थक योगदान



-डॉ. सत्यवान सौरभ

संगठन प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में तीन दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया। यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि संघ की विचारधारा, उसकी कार्यपद्धति और समाज-निर्माण यात्रा का जीवंत प्रदर्शन था। संघ का निर्माण भारत को केंद्र में रखकर हुआ और इसका उद्देश्य देश को विश्वगुरु बनाने में योगदान देना है। संघ की प्रार्थना ह्यभारत माता की जयह्ल केवल शब्द नहीं, बल्कि कार्य और समर्पण की प्रेरणा है। संघ का निर्माण धीमी और सतत प्रक्रिया का परिणाम है, जो समय की कसौटी पर खरा उतरा।

संघ भले ही हिन्दू शब्द का प्रयोग करता है, लेकिन इसका मर्म केवल धर्म तक सीमित नहीं है। इसमें समावेश, मानवता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना निहित है। संघ का उद्देश्य किसी विरोध या प्रतिस्पर्धा के लिए खड़ा होना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित करके देश की एकता बनाए रखना है। संघ का कार्य स्वयंसेवकों के माध्यम से संचालित होता है, और यह कार्य नए स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देने, उनमें नेतृत्व और जिम्मेदारी विकसित करने का अवसर प्रदान करता है।

राष्ट्र की अवधारणा सत्ता या सरकार से परिभाषित नहीं होती। भारतीय परंपरा में राष्ट्र का अर्थ संस्कृति, आत्मचिंतन और सामाजिक चेतना से जुड़ा है। इतिहास की ओर देखने पर यह स्पष्ट होता है कि 1857 का स्वतंत्रता संग्राम असफल रहा, लेकिन इसने भारतीय समाज में नई चेतना और आत्म-जागरूकता को जन्म दिया। इसके बाद कांग्रेस का उदय हुआ, जिसने राजनीतिक समझ और सामाजिक सुधार का मार्ग प्रशस्त किया। स्वतंत्रता के बाद समाज में उपजी असमानताओं और कुरीतियों को दूर करने की चुनौती बनी रही। इसी आवश्यकता ने संघ की स्थापना और उसकी भूमिका को जन्म दिया।

डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और अन्य महापुरुषों ने समाज के दुगुर्णों को दूर करने और संपूर्ण समाज के संगठन की आवश्यकता को पहचाना। 1925 में संघ की स्थापना इस दृष्टि से हुई कि समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य मजबूत हों और राष्ट्र निर्माण में योगदान सुनिश्चित हो। ह्यहिन्दूह्ल शब्द केवल धर्म नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, समर्पण और समावेश का प्रतीक है। इसमें किसी को अलग करने या विरोध करने का भाव नहीं, बल्कि सबको जोड़ने और समाज को संगठित करने का उद्देश्य निहित है।

भारत का स्वभाव सहयोग और समन्वय का है, संघर्ष का नहीं। उसकी एकता भूगोल, संसाधनों और आत्मचिंतन परंपरा में निहित है। बाहर की ओर देखने के बजाय भीतर झाँकने पर यह स्पष्ट होता है कि सभी में एक ही तत्व है, चाहे वह अलग-अलग रूपों में क्यों न प्रकट हो। यही कारण है कि भारत माता और पूर्वज हमारे लिए पूजनीय हैं। जो व्यक्ति भारत माता और अपने पूर्वजों का सम्मान करता है, वही सच्चा हिन्दू है। शब्द बदल सकते हैं, लेकिन भक्ति और श्रद्धा की भावना समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ती है।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य केवल संगठन तक सीमित नहीं है। यह समाज में नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने, प्रत्येक व्यक्ति में अनुशासन और समर्पण विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का कार्य करता है। संघ का दृष्टिकोण समावेशी है; यह किसी धर्म, जाति या समूह के विरोध में नहीं है। हिन्दू शब्द का अर्थ केवल धर्म नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, भक्ति और समाज के प्रति प्रतिबद्धता है। संघ समाज को गुटबंदी से मुक्त कर, विविधता में एकता स्थापित करने का कार्य करता है। शताब्दी यात्रा इस समर्पण और संगठन की पुष्टि है।**

समाज में धीरे-धीरे लोग संघ और हिन्दू शब्द के अर्थ को समझने लगे हैं। जीवन की गुणवत्ता बेहतर होने से लोग अपने मूल परंपराओं की ओर लौटते हैं। संघ किसी को हिन्दू होने के लिए बाध्य नहीं करता; उसका उद्देश्य समाज के समग्र संगठन और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। संघ किसी धर्म, जाति या समूह के खिलाफ नहीं है, बल्कि समावेशी दृष्टि से सभी को जोड़कर समाज को संगठित करता है।

संघ कार्य केवल संगठन तक सीमित नहीं है। उसका लक्ष्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति के भीतर नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का विकास करना है। समाज में जागरूकता और अनुशासन लाना संघ का प्रमुख उद्देश्य है। संघ की कार्यपद्धति में व्यक्तिगत समर्पण और अनुशासन का विशेष महत्व है। प्रत्येक स्वयंसेवक संघ की मूल भावना और कार्य शैली को आत्मसात करता है और समाज में इसे लागू करता है। संघ का लक्ष्य यह है कि समाज में गुटबंदी न हो, बल्कि सभी को संगठित किया जाए और देश में एकता कायम रहे।

भारत की विविधता में एकता उसकी असली पहचान है। विभिन्न भाषा, धर्म, संस्कृति और परंपराओं के बावजूद भारत की पहचान उसकी आत्मा, संस्कृति और पूर्वजों के प्रति सम्मान में निहित है। संघ का उद्देश्य इस एकता को बनाए रखना और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सहभागी बनाना है। संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण, समाज उत्थान और राष्ट्र निर्माण तीनों स्तरों पर कार्य करता है। संघ के माध्यम से समाज में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत किया जा रहा है। संघ कार्यकताओं के माध्यम से समाज में अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव का संचार करता है। संघ का उद्देश्य केवल स्वयंसेवकों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक इसका प्रभाव पहुँचना है। संघ की कार्यशैली में व्यक्तिगत प्रयास और संगठनात्मक दृष्टि का संतुलन बना रहता है। संघ का लक्ष्य यह है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को समझे और राष्ट्र निर्माण में योगदान करे। व्याख्यानमाला ने संघ की स्थापना, हिन्दू शब्द के अर्थ, संगठनात्मक दृष्टि, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया पर स्पष्ट प्रकाश डाला। संघ का उद्देश्य किसी के विरोध में नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना है। संघ की कार्यशैली, व्यक्तिगत समर्पण और संगठनात्मक दृष्टि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस प्रकार, संघ शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला समाज में संघ की भूमिका, उसकी कार्यप्रणाली और उद्देश्य को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। यह स्पष्ट करती है कि संघ का उद्देश्य केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के समग्र उत्थान और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। संघ का कार्य व्यक्तिगत समर्पण, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से समाज को संगठित करना है।

# अर्थतंत्र की ताकत और विज्ञान की भूमिका राष्ट्र के विकास के लिए सर्वोपरि



संजीव ठाकुर

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्त्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है। हमे केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ना होगा। तब जाकर सनातनी सांस्कृतिक, विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन यथोचित तरीके से हो पाएगा।

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों पुराणों और सनातनीं संस्कारों में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण तैयार किया है और वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए।

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, आत्म विश्वासके घटक मौजूद हों।

ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास की सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रही है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को एक दिन,वर्ष या दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है।

# 'पशु प्रेमियों' के देश में वृद्ध जनों की दुर्दशा



इन दिनों भारत में सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक आवारा कुत्तों को लेकर बड़ी बहस छिड़ी हुई है। वैसे तो आवारा कुत्तों के पक्ष में और इसके खिलाफ भारतीय समाज पहले से ही विभाजित है। परन्तु इस विषय को लेकर ताजातरीन बहस की शुरूआत उस समय हुई जब माननीय सर्वोच्च न्यायलय ने गत 11 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर अर्थात दिल्ली, गाजियाबाद , नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वतः संज्ञान लेते हुये दिल्ली नगर निगम व अन्य नगर निकायों को निर्देश दिया था कि वे 8 सप्ताह के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़ें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम्स या पाउंड्स में रखें। अपने इस आदेश में सर्वोच्च न्यायलय ने कुत्तों को वापस सड़कों पर छोड़ने पर भी रोक लगाई थी । चूँकि कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही थी खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर कुत्तों के हमलों की शिकायतें बढ़ती जा रही थीं और इस संबंध में केवल दिल्ली में ही हजारों मामले दर्ज हो चुके थे और रेबीज से होने वाली मौतें में भी वृद्धि होती जा रही थी इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुये यह आदेश दिए गये थे। अपने आदेश में न्यायलय ने कहा था आर्टिकल 21 के तहत जीवन का अधिकार व नागरिकों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसी के साथ अदालत ने यह निर्देश भी दिया था कि आवारा कुत्तों के लिये शेल्टर होम्स बनाए जाएँ व कुत्तों को पकड़ने के लिए संसाधन भी जुटाये जायें। यहाँ तक कि इस अदालती निर्देश में बाधा डालने वाले पशु प्रेमियों व गैर सरकारी संगठनों को दण्डित करने का भी निर्देश दिया गया था।

परन्तु इस जनहितकारी अदालती आदेश के बाद तो देश के 'कुत्ता प्रेमियों' में कोहराम मच गया। मानव सुरक्षा को दरकिनार कर 'कुत्ता प्रेमियों' द्वारा तर्क दिया जाने लगा कि शेल्टर होम्स में कुत्ते असुरक्षित रहेंगे। क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के चलते लाखों कुत्तों को शेल्टर में रखना अव्यावहारिक है। इससे लाखों कुत्तों को कैद करने और संभावित रूप से मारने का खतरा बढ़ेगा। इसे एनिमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) रूल्स, 2023 का उल्लंघन बताया जाने लगा। पशु प्रेमियों द्वारा इस अदालती आदेश को ₹बहुत कठोर₹ बताया जाने लगा। जगह जगह धरने प्रदर्शन शुरू हो गये। कुत्ता प्रेमी अदालती आदेश की अवहेलना करने पर आमादा दिखाई देने लगे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर 22 अगस्त 2025 को एक संशोधित आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 11 अगस्त 2025 के मूल आदेश में बदलाव करते हुये नये निर्देश जारी किये। इन संशोधित निर्देशों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया कि कुत्तों को पकड़ना जारी रखें, लेकिन उन्हें स्टरलाइज (नसबंदी), डीवार्म (कीड़े निकालना) तथा वैक्सीनेट (टीका लगाना) करें।गैर - आक्रामक (नॉन-एग्रेसिव) और गैर-संक्रमित (रेबीज मुक्त) कुत्तों को उसी इलाके में वापस छोड़ें। केवल रेबीज संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही अलग शेल्टर में रखें। जबकि सड़कों पर खाना खिलाना प्रतिबंधित करार दिया गया। अदालत ने प्रत्येक वार्ड में समर्पित फीडिंग स्पॉट बनाने व नोटिस बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया। यह भी निर्देशित किया गया कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उन्हें सड़क पर नहीं छोड़ सकते। इन निदेर्शों में बाधा डालने वाले कथित 'पशु प्रेमियों' पर व्यक्तिगत तौर पर 25,000 तथा गैर सरकारी संगठनों पर 2,00,000 रुपए जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया गया। जुमार्ने से वसूली गई यह धनराशि शेल्टर होम बनाने में इस्तेमाल होगी। यह संशोधित आदेश पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अइउ रूल्स, 2023 पर आधारित है, जो पशुओं को मारने के बजाय स्टरलाइजेशन और वैक्सीनेशन पर जोर देता हैं। परन्तु समाज के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि नागरिक सुरक्षा और पशु कल्याण के मध्य संतुलन कैसे बिठाया जाये। पशु प्रेमी होने में कोई बुराई नहीं। परन्तु क्या पशु प्रेम विशेषकर 'कुत्ता प्रेम' को मानव प्रेम पर तरजीह दी जा सकती है ? देश में रोजाना कुत्ते के काटने से सैकड़ों लोग बुरी तरह घायल होते हैं। अनेक की मौत हो जाती है। इनहीं कुत्तों की वजह से अनेक दुर्घटनायें होती हैं। स्कूल जाते बच्चों पर व असहाय बुजुर्गों पर आवारा कुत्ते घातक हमले कर देते हैं। उस समय इन कुत्तों से प्यार करने वाला कोई भी पशु प्रेमी सामने नहीं आता। उल्टे कई बार तो पीड़ित राहगीरों पर ही यह दोष मढ़ दिया जाता है कि वह उधर से गुजरा ही क्यों ? या फिर पहले उसने कुत्ते को छेड़ा होगा आदि आदि। -**निर्मल रानी**

## और करीब आ रहे हैं ठाकरे बंधु, गणेश चतुर्थी के अवसर पर राज के घर पहुंचे उद्धव



**मुंबई।** मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चा के बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के आवास पर गए। नवंबर 2021 में राज ठाकरे के अपने नए आवास में आने के बाद से यह उनकी पहली यात्रा थी। उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि और उनके बेटे, पूर्व मंत्री आदित्य भी उनके साथ थे।

राज ठाकरे पिछले महीने उद्धव ठाकरे को उनके जन्मदिन की बधाई देने उनके घर गए थे। दोनों ने जुलाई में महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य करने के अब रद्द कर दिए गए कदम के विरोध में मंच साझा किया था। निकाय चुनावों से पहले मराठी वोट बैंक को मजबूत करने के लिए उनके बीच सुलह की खबरों के बाद, ठाकरे भाइयों को पहली बार एक साथ देखा गया था।

शिवसेना (यूबीटी) के एक नेता ने बताया कि दोनों चचेरे भाई राज ठाकरे के आवास पर दोपहर के भोजन पर मिले और जोर देकर कहा कि यह एक पारिवारिक मुलाकात थी। उन्होंने कहा कि लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों में हाथ मिलाने की बातचीत के बीच यह मुलाकात महत्वपूर्ण है। यह संभावना नहीं है कि उन्होंने राजनीति पर चर्चा की हो, लेकिन यह गठबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम है। पिछले दो दशकों में दोनों चचेरे भाइयों को एक साथ लाने के असफल प्रयास हुए हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना और मनसे के निराशाजनक प्रदर्शन ने सुलह की नई माँगों को जन्म दिया है। दोनों दलों ने पिछले हफ़्ते बेस्ट वर्कर्स क्रेडिट सोसाइटी का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। माना जा रहा है कि उद्धव ठाकरे गठबंधन के लिए बहुत उत्सुक हैं।

## ठाणे में दो ट्रकों की टक्कर में एक पुलिसकर्मी घायल, दो घंटे तक यातायात प्रभावित




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में बुधवार सुबह व्यस्त घोड़बंदर रोड पर दो कंटेनर ट्रकों की टक्कर में 36 वर्षीय एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। हादसे से इस व्यस्त मार्ग पर दो घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि यह हादसा गायमुख घाट के पास हुआ, जब एक कंटेनर ट्रक डिवाइडर लांघकर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से टकरा गया। तड़वी ने कहा, दुर्घटना में दोनों भारी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क की दोनों लेन अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने बताया कि कासरवडावली यातायात इकाई के कर्मी संजीव घटना के दौरान एक कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए। तड़वी ने बताया कि उन्हें घोड़बंदर रोड स्थित टाइटन अस्पताल ले जाया गया। हादसे के कारण सड़क पर तेल फैल गया जिसके सफाई कार्य के कारण दो घंटे तक यातायात बेहद धीमा रहा।

## बांद्रा पुनर्ग्रहण भूमि विकसित करने के कदम पर रोक लगाने की मांग, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) को मुंबई के बांद्रा में बांद्रा-वर्ली सी लिंक के निर्माण के दौरान प्राप्त 24 एकड़ पुनः प्राप्त भूमि के विकास पर रोक लगाने की मांग वाली दो याचिकाओं को खारिज कर दिया। कार्यकर्ता जोरू भथेना और बांद्रा रिक्लेमेशन एरिया वालंटियर्स ऑर्गनाइजेशन (ब्रावो) द्वारा दायर याचिकाओं में तर्क दिया गया कि 1999 और 2000 में दी गई पर्यावरणीय मंजूरियों ने पुनः प्राप्त भूमि के आवासीय या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि भूमि को खुला स्थान ही रहना चाहिए तथा एमएसआरडीसी द्वारा इसे विकास के लिए सौंपने की योजना सार्वजनिक न्यास सिद्धांत का उल्लंघन है।

इन दलीलों को खारिज करते हुए, मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति संदीप वी. मार्ने की पीठ ने कहा कि 1991 के तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) शासन के तहत लगाए गए प्रतिबंध अब लागू नहीं होते। अदालत ने कहा कि 2011 और 2019 में जारी सीआरजेड अधिसूचनाओं के परिणामस्वरूप बांद्रा भूखंड सीआरजेड क्षेत्र से बाहर हो गया। महत्वपूर्ण बात यह है कि पीठ ने माना कि पुनः प्राप्त भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व में थी, जिसके पास इसके उपयोग पर निर्णय लेने का अधिकार था। अदालत ने कहा कि एक बार जब यह विकास योग्य हो जाती है, तो राज्य सरकार को यह तय करना होता है कि कौन सी राज्य एजेंसी विकास कार्य कर सकती है। वर्तमान मामले में, चूँकि एमएसआरडीसी द्वारा सी लिंक के निर्माण के कारण भूमि उपलब्ध कराई गई है, इसलिए राज्य सरकार ने इसे विकसित करने के उद्देश्य से एमएसआरडीसी के पक्ष में भूमि का स्वामित्व हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। इसलिए, हम एमएसआरडीसी द्वारा संबंधित भूमि का विकास कार्य करने में कोई अवैधता नहीं देखते हैं।

# विरार में बड़ा हादसा, रमाबाई अपार्टमेंट का हिस्सा ढहा, 5 की मौत, बचावकार्य जारी

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** वसई-विरार महानगर पालिका क्षेत्र के नारंगी इलाके में स्थित रमाबाई अपार्टमेंट का पिछला हिस्सा मंगलवार 26 अगस्त की मध्यरात्रि को अचानक ढह गया। इस हादसे में बड़ा नुकसान हुआ है और कई परिवार प्रभावित हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. इंदुरानी जाखड़ मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्यों का समीक्षा की।

ज्ञात हो कि इस चार मंजिला इमारत में कुल 50 फ्लैट थे। इनमें से लगभग 12 फ्लैट ढह गए। इमारत का मलबा बगल की चॉल पर गिरने से चॉल भी पूरी तरह नष्ट हो गई और कई लोग मलबे में दब गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 15 से 20 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई गई थी। जिलाधिकारी डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने तुरंत बचावकार्य युद्धस्तर पर शुरू करने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही वसई-विरार महानगरपालिका का अग्निशमन दल और राष्ट्रीय आपत्ती प्रतिसाद दल (एनडीआरएफ) घटनास्थल पर पहुंचा और रात से ही राहत व बचावकार्य शुरू किया। 27 अगस्त को शाम 6 बजे तक राहतकर्मियों ने 14 लोगों को मलबे से बाहर निकाला। इनमें से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल पाए गए। मृतकों में लक्ष्मण



सिंह (26 वर्ष), आरोही ओंकार जोवील (24 वर्ष), उत्कर्षा जोवील (1 वर्ष) का समावेश है। बाकी 2 मृतकों की शिनाख्त जारी है।घायलों में प्रभावकर (57), प्रमिला प्रभाकर शिंदे (50), प्रेरणा शिंदे (20), प्रदीप कदम (40), जयश्री कदम (33), मिताली परमार (28), संजय स्वपंत सिंह (24), मंथन शिंदे (19), और विशाखा जोवील (24) शामिल हैं। सभी को वसई, नालासोपारा और विरार के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से 3 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि 6 का इलाज जारी है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए अंधेरी से एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीम भी बुलाई गई है। अग्निशमन दल, स्थानीय पुलिस और महानगरपालिका कर्मचारी मिलकर लगातार मलबा हटाने का कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार मलबे में अब भी कुछ लोगों के दबे होने की संभावना बनी हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से रमाबाई अपार्टमेंट से सटी चार मंजिला इमारत और आसपास की चॉल खाली करा दी गई हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। उनके लिए समाज मंदिर में अस्थायी निवास शिविर तैयार किया गया है, जहां भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इस हादसे ने विरार क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। स्थानीय प्रशासन और बचावदल लगातार मोर्चे पर डटे हुए हैं और राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## भाजपा नेता चित्रसेन सिंह के घर स्थापित बप्पा का दर्शन करने पहुंचे राहुल तिवारी



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र में आज से गणेशोत्सव का शुभारंभ हो चुका है। मराठी समाज के साथ उत्तर भारतीय समाज के बीच भी इस त्यौहार को लेकर जोश और उत्साह दिखाई दे रहा है। एक अनुमान के अनुसार सिर्फ मुंबई में ही हजारों उत्तर भारतीयों ने अपने घर पर गणपति बप्पा की स्थापना की है। डेढ़ दिन से लेकर सात दिनों तक स्थापित बप्पा के दर्शन करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। कांदिवली पूर्व के ठाकुर विलेज स्थित विष्णु शिवम टावर में रहने वाले भाजपा नेता तथा उद्योगपति चित्रसेन सिंह ने भी विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी गणपति बप्पा की स्थापना की है। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के सचिव राहुल लल्लन तिवारी ने आज उनके घर पहुंच कर बप्पा के दर्शन किए तथा देशवासियों के लिए अमन चैन की प्रार्थना की। चित्रसेन सिंह ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती सावित्री सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, उद्योगपति दीपक चित्रसेन सिंह, समाजसेवी मानिकचंद यादव समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर 8 घंटे चली मुठभेड़, 4 नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र पुलिस ने एक बयान में बताया कि गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर बुधवार को आठ घंटे चली मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए। गढ़चिरौली के एसपी नीलोत्पल ने बताया, गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा पर कोपर्शी वन क्षेत्र में लगभग आठ घंटे तक रुक-रुक कर हुई गोलीबारी के बाद चार माओवादियों (1 पुरुष और 3 महिला) के शव बरामद किए गए हैं। चार हथियार - 1 एसएलआर राइफल, 2 इंसास राइफल और 1.303 राइफलें बरामद की गईं। इलाके में आगे तलाशी अभियान जारी है।

यह घटनाक्रम पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में छत्तीसगढ़ सीमा के पास बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने पर गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम ने कोपरशी गाँव में तलाशी अभियान शुरू किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 20 अगस्त को, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिलों में 55.50 लाख रुपये के इनामी 29 नक्सलियों ने बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि इनमें से 21 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में और आठ ने नारायणपुर में आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में 21 वामपंथी उग्रवादियों ने, जिनमें से 13 पर सामूहिक रूप से 25.50 लाख रुपये का इनाम था, सुरक्षाकर्मियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि वे ₹अमानवीय और खोखली₹ माओवादी विचारधारा से निराश हैं।

उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने कहा कि वे पुलिस के पुनर्वास अभियान 'लोन वर्राटू' (गोंडी बोली में एक शब्द जिसका अर्थ है 'अपने घर/गाँव लौटना') और राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि इन 21 नक्सलियों में से, केय उर्फ ??केशा लेकाम प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) की कंपनी नंबर 1 का सदस्य था और उसके सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 12 नक्सली माओवादी संगठन में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। इनमें से छह पर 2-2 लाख रुपये, पाँच पर 1-1 लाख रुपये और एक नक्सली पर 50,000 रुपये का इनाम था।

## सप्तर्षी सोसायटी की वर्तमान समिति बर्खास्त

**◆समिति सदस्यों को अगले पांच साल तक चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया गया**



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** लंबे जद्दोजहाद के बाद चुनाभट्टी स्थित सप्तर्षी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड की वर्तमान समिति को महाराष्ट्र सहकारी संस्था अधिनियम 1960 की धारा 75 (5),77 (अ) और 82(4) का उल्लंघन करने के आरोप में पद से बर्खास्त कर दिया गया है।. साथ ही समिति सदस्यों को अगले पांच वर्षों तक चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है.। बता दें कि 29 सितंबर 2024 को हुई एजीएम मीटिंग अधूरी छोड़कर जाने वाली और रजिस्ट्रार को इस्तीफा देने की बात कहने वाली यही समिति अब पद से हटा दी गई है। सोसायटी सदस्यों ने आरोप लगाया था कि पिछले साल हुई एजीएम में जमा राशि बांटने का कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ था, लेकिन लगभग 11 महीने बाद दबाव और आशंका के चलते राशि वितरित की गई।. इस दौरान अलग-अलग प्रकार के फॉर्म भरवाए गए। सहमति पत्र की मांग की गई और अंततः सभी से रसीद पर हस्ताक्षर करवाए गए. यह रसीद सोसायटी के लेटरहेड पर ली गई और उस पर रेवेन्यू स्टाम्प भी लगाया गया। बताया जाता है कि समिति के कार्यकाल में लिए गए अनेक निर्णयों पर सवालिया निशान लगाए गए थे।

## बोईसर में गणेशोत्सव का शुभारंभ, श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ बप्पा का आगमन

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर पूर्व अंतर्गत धनानी क्षेत्र में गणेशोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। आधार सेवाभावी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष देवेंद्र मेश्राम के निवास स्थान पर बुधवार 27 अगस्त 2025 (भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि) को गणपति बप्पा का विधिवत आगमन हुआ। मंगल ध्वनियों, जयघोष और भक्तिमय वातावरण में श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी एड. शोभनाथ त्रिपाठी, लोक कल्याण संस्था प्रमुख स्वामीनाथ पाण्डेय, बजरंग दल कोकण प्रांत गौ रक्षा प्रमुख चंदन सिंह, मनीष सिंह,



आनंद, सुनील, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बालविकास आयोग के अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार दीपक निराला, ओमप्रकाश द्विवेदी व अजीत सिंह, एस.जी. मेश्राम, आधार सेवाभावी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष देवेंद्र मेश्राम, जितेंद्र मेश्राम, नितेंद्र मेश्राम, धीरेंद्र मेश्राम, प्रभा मेश्राम, छाया मेश्राम, वनिता मेश्राम व सुनैना मेश्राम समेत अनेक गणमान्य अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने बप्पा के दर्शन व पूजन-अर्चन कर बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ने गणपति बप्पा की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और मंगलमय भविष्य की कामना की। भक्तों ने मंत्रोच्चार, आरती और भजन कीर्तन के बीच बप्पा का स्वागत किया। वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा।

## अंधेरी विधानसभा वॉर्ड क्रमांक ७९ में भव्य तीज महोत्सव का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हर साल की तरह इस बार भी अंधेरी विधानसभा वॉर्ड क्रमांक ७९ में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पावन पर्व हरितालिका तीज महोत्सव उल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। तीज महोत्सव का आयोजन मुंबई भाजपा के सचिव और अजय चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुहागिनें मंगलगीत गातीं नजर आईं। बता दें कि हर जगह सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं द्वारा निर्जला उपवास रखकर सायंकाल सोलहों श्रृंगार में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की और अखंड सौभाग्य की कामना की। हरितालिका तीज ने यह




संदेश दिया कि परंपरा और आस्था ही भारतीय संस्कृति की असली पहचान है। इस कार्यक्रम में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में प्रमुख रूप से मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम, अंधेरी विधानसभा पुर्व के विधायक मुरजी पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान महिलाओं ने मंगलगीत गाकर संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना दिया था। इसके अलावा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया था। मुंबई भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित साटम ने महिलाओं को तीज की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मेहमानों का स्वागत अजय तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।




**उत्तरशक्ति**

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पारिवारिक कलह में चाचा की हत्या, भतीजा भेजा गया जेल

महराजगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुजानगंज थाना क्षेत्र के सराय पड़री गांव में हुए मनोज यादव हत्याकांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। 28 वर्षीय मनोज यादव की हत्या उसके ही 19 वर्षीय भतीजे प्रदीप यादव उर्फ भगवान ने की थी। पुलिस पूछताछ में भतीजे ने चाचा की लगातार मारपीट और पारिवारिक विवाद से तंग आकर यह कदम उठाने की बात कबूल की। बता दे कि बीते शुक्रवार मनोज यादव ने घर से कुछ दूरी पर स्थित पाही पर भोजन पार्टी रखी थी। शराबखोरी और खाने-पीने के बाद देर रात सभी लोग घर चले गए, लेकिन मनोज नशे में धुत वहीं सो गया। इसी दौरान प्रदीप ने सरिया से सिर पर पांच वार कर उसकी हत्या कर दी और हथियार को नहर में फेंक दिया। सुबह चाची प्रियंका ने जब मनोज को बुलाने भेजा तो प्रदीप ने पड़ोसी अंकित को साथ लेकर बताया कि चाचा उठ नहीं रहे। जब परिजन मौके पर पहुँचे तो मनोज मृत मिला। पुलिस जांच में सच्चाई सामने आई और प्रदीप ने जुर्म स्वीकार कर लिया। प्रदीप ने पुलिस को बताया कि पिता की मौत के बाद चाचा अक्सर उसे और छोटे भाई को पीटते थे। मां मायके में रहने लगी थी और पढ़ाई छुड़वाकर जबरन काम करवाया जाता था। इसी से ऊबकर उसने वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा है। लोग दबी जुबान से पारिवारिक विवाद की चर्चा कर रहे हैं। शव को पाही के पास ही दफनाया गया, जिसके बाद मृतक का भाई संतोष गहरे सदमे में है। सुजानगंज थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए गांव में पुलिस बल और कोबरा टीम के जवान तैनात किए गए हैं।

# मेहंदी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को कुलपति ने प्रदान किए प्रमाणपत्र

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने



महिला अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि मेहंदी हमारी लोक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। आज की पीढ़ी का अपनी परंपराओं से जुड़ा रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करते हैं।

प्रतियोगिता में शिवानी वर्मा ने प्रथम, कलश ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलपति ने तीनों विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक एवं महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने बताया कि छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए केंद्र द्वारा निरंतर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह मेहंदी प्रतियोगिता तीज के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस अवसर पर डॉ. अन्नु त्यागी, डॉ. सोनम झा, डॉ. निमिषा यादव, डॉ. प्रियंका जायसवाल, डॉ. समरीन तबस्सुम, डॉ. वनिता सिंह एवं डॉ. पूजा सक्सेना सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहीं।

# जौनपुर में श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा कर कुरीतियों का किया विनाश: डॉ.मदन मोहन मिश्र

## लेदुका बाजार में सात दिवसीय मानस कथा के पांचवे दिन उमड़ी भीड़

नौपेड़वा,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बक्शा विकास खण्ड के लेदुका



बाजार में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्रीराम कथा के पांचवे मंगलवार की रात्रि वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ.मदन मोहन मिश्र ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की पूजा कर कुरीतियों का विनाश किया। कन्हैया ने इन्द्र का मान मर्दन करते हुए गोर्वधन पूजन कर बताया कि हमें कुरीतियों को परंपरा के नाम पर ढोना नहीं चाहिए बल्कि प्रगति वादी बनकर अच्छी परंपरा का सृजन करना चाहिए। सात दिवसीय मानस कथा के पांचवे दिन सैकड़ो भक्तों की भीड़ ने कथा का रसपान किया। उन्होंने कहा कि परंपरा के नाम पर धोखा देने वाले को भगवान देखना भी नहीं चाहते। डॉ. मिश्र ने पूतना उद्धार की कथा सुनाते हुए कहा कि पूतना दूध के बहाने जहर पिलाना चाहती थी फिर भी श्रीकृष्ण ने उसका उद्धार किया। राजा बलि के समर्पण से प्रसन्न भगवान वामन अति प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि शुक्राचार्य ने राजा बलि को दान करने से रोका जिस कारण उनकी वैराग्य की एक आंख चली गयी। वाराणसी से पधारी मानस कोकिला डॉ. सुधा पाण्डेय ने श्रीराम जन्म प्रसंग की कथा व अयोध्या वासियों की चर्चा कर लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजक राजनाथ सेठ ने कथा वाचकों को माल्यार्पण किया।

# बारिश में झील बनी सड़क पर उतरे बच्चे व दुकानदार, किया जोरदार प्रदर्शन

महराजगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लगातार हो रही बारिश ने शाहगंज-प्रयागराज मेन रोड से महराजगंज



बीआरसी कार्यालय होते हुए बाजार तक की सड़क को तालाब में तब्दील कर दिया है। जाम नालियों के चलते सड़क पर भरे गंदे पानी और कीचड़ से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। मंगलवार को इसी दुर्व्यवस्था के खिलाफ स्कूली बच्चों व दुकानदारों ने सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में दुकानदार दिनेश कुमार, इस्तियाक, सत्येंद्र, नरेंद्र निगम, अवधेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल रहे। आक्रोशित लोगों का कहना था कि नालियों के जाम होने से गंदा पानी चारों तरफ फैल गया है। इससे मच्छर-मक्खियों और कीड़े-मकोड़ों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सड़क से उठ रही बदबू के कारण राहगीर रूमाल बांधकर गुजरने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय महराजगंज के बच्चों, बीआरसी कार्यालय के शिक्षकों और बाजार में जाने वाले दुकानदारों व राहगीरों को इस समस्या से रोजाना जूझना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चुनावी मौसम में विकास के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही वे हवा हो जाते हैं। इस संबंध में ब्लॉक प्रमुख पति विनय कुमार सिंह ने कहा कि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था कर नाली बनवाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# मानीखुर्द मार्ग पर जलजमाव होने से हो रही है परेशानियां

## सदर विधानसभा क्षेत्र के मानीकलां से मानीखुर्द जाने वाला मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर बहा रहा है आंसू

मानीकलां जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के कस्बा मानीकलां से मानीखुर्द जाने वाला मार्ग इन दिनों इतना खराब है कि लोगों को आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मानीकलां से मानी खुर्द होते हुए खेतासराय दीदारगंज मुख्य मार्ग से जुड़ता है। जिस पर दर्जनों गांवों का आवागमन भी है हल्की बारिश होने से जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को चलना मुश्किल हो जाता है आए दिन सकूली बच्चे और राहगीर गिर कर चोटिल होते रहते है जिसकी सुधी लेना वाला कोई नहीं है। मनुष्य को मूलभूत सुविधाओं में से एक है। सुगम मार्ग सड़क का होना आवश्यक है लेकिन यदि सुविधा का अभाव हो तो यह सुगन की बजाए दुर्गम बन जाता है इसी को देखते हुए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सख्त लहजे में फरमान जारी किया था कि सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके। वर्षो से खस्ता हाल हुए सड़क मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है यह मार्ग गड्ढा मुक्त होने के बजाए गड्ढा युक्त हो गया है सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रित



कर रहे है। राहगीरों को हिचकोले खाते जान जोखिम में डालकर इस मार्ग पर आना जाना पड़ रहा है जी हां हम बात कर रहे है। सदर विधानसभा क्षेत्र के मानीकलां से मानी खुर्द जाने वाली लगभग सात किलोमीटर सड़क जो अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है पूर्ण रूप से गड्ढे में तब्दील हो चुकी इस सड़क से पीडब्ल्यूडी भी अनभिज्ञ है जो थोड़ी सी भी बरसात होने पर सड़क पर जलजमाव होना आम बात है। इस पर यात्रा करना कितना मुश्किल है। यह उस मार्ग पर चलने वाले से अच्छा कौन बता सकता है। मानीकलां गांव तो एक नगर पंचायत के बराबर है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह क्षेत्र का सबसे पिछड़ा हुआ तथा मूलभूत सुविधाओं से वंचित है युक्त गांव में बैंक, हॉस्पिटल, स्कूल, पुलिस सहायता केंद्र एक्सचेंज है लेकिन बिजली और सड़क का विकट संकट है। यदि कोई मेडिकल इमरजेंगी हैं तो अस्पताल पहुंचे से पहले ही मरीज दम तोड़ दे। हिचकोले भरे रास्ते से समय पर अस्पताल पहुंचा संभव नहीं है अब देखना यह है कि जनप्रतिनिधि इस समस्या का निदान करते है या ऐसे ही सावतेला व्यवहार होता रहेगा।

**मछलीशहर पड़ाव हादसा**

# करंट की चपेट में आई युवती समेत तीन की मौत के बाद जिम्मेदारी पर उठे सवाल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के मछलीशहर पड़ाव स्थित सीवर लाइन (मेनहोल) में सोमवार को बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया। करंट की




चपेट में आने से एक युवती और दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्राची मिश्रा, मोहम्मद समीर और शिवा के रूप में हुई है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं लोग जिम्मेदार विभागों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोशित हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सीवर की पाइप बंद रखी जाती और उसे खुला नहीं छोड़ा जाता तो इतनी बड़ी दुर्घटना टाली जा सकती थी। लोगों ने बिजली विभाग के साथ-साथ नगर पालिका और ठेकेदार को भी दोषी ठहराया है। नागरिकों का आरोप है कि इनकी लापरवाही सरकार की छवि को धूमिल कर रही है। हादसे की खबर मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन नगर पालिका अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि वहाँ नहीं पहुंचे। इससे नाराजगी और बढ़ गई। लोगों का कहना है कि अध्यक्ष मानो तेरही का इंतजार कर रही थीं। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस दर्दनाक मौत का जिम्मेदार किसे माना जाए। क्या यह नगर पालिका की लापरवाही है। ठेकेदार की अनदेखी या बिजली विभाग की गलती।इसी बीच लोगों में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि क्या उत्तर प्रदेश सरकार मृतकों के परिवार को मुआवजा या सरकारी नौकरी देगी। जनमानस अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय और सख्त कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठा है।

# एडवांस्ड मटेरियल कैरेक्टराइजेशन एण्ड इन्स्ट्रुमेन्टेशन टेक्नीक्स में प्रवेश शुरू

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में एडवांस्ड मटेरियल कैरेक्टराइजेशन एण्ड इन्स्ट्रुमेन्टेशन टेक्नीक्स विषय पर शॉर्ट टर्म स्किल डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह कोर्स प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिक विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के सेंटर फॉर रिन्यूएबल एनर्जी द्वारा संचालित किया जा रहा है।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वऋछ), नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों और उद्योग से जुड़े पेशेवरों को आधुनिक अनुसंधान उपकरणों और उन्नत लक्षणन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नैनोमैटेरियल, थिन फिल्म्स तथा ऊर्जा संबंधी मटेरियल की संरचनात्मक, आकारिकी, प्रकाशीय एवं विद्युत लक्षणन उपकरणों पर प्रत्यक्ष अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उच्च शिक्षा, शोध परियोजनाओं और उद्योग में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक होगा। विश्वविद्यालय का मानना है कि यह प्रशिक्षण न केवल छात्रों की शोध क्षमता और प्रयोगशाला तकनीकों की दक्षता को मजबूत करेगा बल्कि उन्हें उद्योग और अकादमिक जगत में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त भी प्रदान करेगा। सीमित सीटों वाले इस कोर्स में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल https://vbspuadm.samarth.edu.in/ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# मड़ियाहूँ पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूँ के नेतृत्व में थाना मड़ियाहूँ पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-377/25 धारा-191(2), 115 (2), 109 (1) बीएनएस बनाम सुन्दरम यादव उर्फ विपिन पुत्र रमाशंकर यादव निवासी मंझनपुर थाना मड़ियाहूँ जौनपुर व मु0अ0सं0-378/25 धारा-109(1),



351(2), 324(4), 126(2), 3(5) बीएनएस में वांछित आरोपी 1.सुन्दरम यादव उर्फ विपिन पुत्र रमाशंकर यादव निवासी मंझनपुर थाना मडियाहूँ जौनपुर 2.जयहिन्द पटेल पुत्र रणधीर पटेल निवासी सुंनुलपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर 3. नितिश पटेल पुत्र रणधीर पटेल निवासी सुंगुलपुर थाना मडियाहूँ जौनपुर 4.शिवम राजभर उर्फ गोलू पुत्र राजेश राजभर निवासी मंझनपुर थाना मडियाहूँ जौनपुर को आज दिनांक 27.08.2025 को सुदनीपुर बाजार से मय दो मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जल निगम की लापरवाही से सड़क पर भरा पानी

## पाइप लाइन टूटी होने से दूषित हो रहा पीने का पानी

**आफताब आलम**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के मानीकलां मोहल्ला भुनास पर जल निगम की पाइप लाइन टूटने से सड़क पर बह रहा है पानी। घरों तक पहुंच रहा है दूषित पानी। इससे गम्भीर बीमारियों का खतरा बढ़ा गया है।



लगातार बह रहे पानी से सड़क पर गड्ढे बन गए है। राहगीरों को चलना मुश्किल हो रहा है जमीन के अंदर डाली गई पाइप लाइन पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। ग्राम सभा मानी कलां के मोहल्ला भुनास पर जल निगम का पानी व्यर्थ बह रहा है। पानी रिसाव वाली जगह पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। ग्राम वासी का कहना है लम्बे समय से यह समस्या बनी हुई है। आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिकायत करने के बाद भी विभाग पूरी तरह से मौन बैठा है। सवाल अब यह उठता है कि विभाग को जानकारी नहीं है या फिर जानबूझ के अनदेखी की जा रही है।

# जर्जर भवन में चल रहा राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, आसमान के नीचे मरीजों को देखने को डॉक्टर मजबूर

मड़ियाहूं, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निष्प्रयोज्य भवन में चल रहे राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय मड़ियाहूं की हालत बेहद खराब है। जर्जर भवन में स्थित अस्पताल में न तो मरीजों को बैठने की जगह है न ही दवाओ को रखने की व्यवस्था है। दवाएं चिकित्सा अधीक्षक कक्ष के जर्जर में जमीन पर रखी गई है। अस्पताल के चारों तरफ पानी लगने से अस्पताल के कमरे में सांप व विषखोपड़ा अपना निवास बना लिए हैं। कर्मचारियों को दवा निकालने में काफी खतरा रहता है। यहां अस्पताल के कमरों में छत से प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। बरसात के समय छत से पानी टपक रहा है, जिससे दवाएं व कागज भींग कर खराब हो रहे हैं। अस्पताल पहुंचने के लिए चारों तरफ पानी व कीचड़



के रास्ते मरीजो को पहुंचना पड़ रहा है। ऐसी खतरनाक स्थिति में प्रतिदिन 100 से 150 मरीजो का इलाज किया जा रहा है। मरीज व स्टाफ दोनों भवन की स्थिति देखकर भयभीत रहते हैं। यहां अधीक्षक सहित चार स्टाफ की तैनाती है। नगर के कवलजीत सिंह गब्बर, डॉक्टर परमजीत सिंह, राशिद अली, डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने शासन से मांग किया है कि राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल मड़ियाहूं के नाम से जमीन आवंटित करवाकर वहां स्थानांतरित कराया जाए।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतुल कुमार राय ने बताया कि जर्जर भवन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भवन जर्जर होने की सूचना कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है।

# रेलवे में अपराध नियंत्रण और सेवा ही हमारी प्राथमिकता: पुलिस महानिदेशक रेलवे

## शाहगंज जंक्शन पर 25 लाख की लागत से बने नए जीआरपी चौकी का हुआ उद्घाटन

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बुधवार की शाम प्रयागराज से शाहगंज जंक्शन पहुंचे पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी ने शाहगंज रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित 25 लाख रुपये लागत से नए जीआरपी चौकी का उद्घाटन फीता काट कर किया। ततपश्चात विधि विधान से पूजन अर्जन किया। इसके पूर्व पुलिस के जवानों ने महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी ने कहा की रेलवे में अपराध नियंत्रित और अपराधियों की धर पकड़ यात्रियों की सुरक्षा और सेवा ही हमारी प्राथमिकता है और हम यही प्रयास करते हैं रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करें।




एक सवाल की जवाब में श्री प्रकाश डी ने कहा की जीआरपी पुलिस में और उनके कार्यालय, काम करने में जो भी अड़चने और कमियां हैं दूर की जाएंगी। इस मौके पर जीआरपी के पुलिस अधीक्षक प्रयागराज प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉक्टर कौस्तुभ, पुलिस उपाधीक्षक वाराणसी कुंवर प्रताप सिंह, सुनील कुमार गौंड थानाध्यक्ष जीआरपी जौनपुर, स्टेशन अधीक्षक आरपी राम, सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान, आरपीएफ प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर, जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, एसआई बहुगुणा, कांस्टेबल जनार्दन यादव, हरेराम,मंटू चौरसिया सहित जीआरपी और आरपीएफ के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहे।






## खुला नाला दे रहा मौत को दावत, लोगों ने लगायी गुहार



-सुशील गुप्ता

सिद्दीकपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करंजाकला के पास स्थित पोस्टमार्टम हाउस के सामने बजरंग कालोनी सिद्दीकपुर में लगभग 5 मीटर लम्बा गहरा नाला मौत को दावत दे रहा है। कालोनी में रहने वाले डब्बू सिंह, सैनिक कश्यप, चन्द दुबे, दीपक सिंह, सर्वेश सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि भारी वर्षा के कारण नाला दब गया था। उसको कुछ स्थानीय लोगों की सहायता से नाले में गिरे मलबा को हटाया गया। यह कार्य कराये कई दिन हो गया लेकिन अभी तक नाला खुला हुआ है। ऐसे में आने-जाने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये कहा कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाय, ताकि लोगों की दिक्कत समाप्त हो सके।

## जौनपुरः सभासदों ने कचगांव नगर पंचायत कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** नगर पंचायत कचगांव से आरटीआई की सूचना न मिलने को लेकर सभासदों ने बुधवार को कार्यालय पर प्रदर्शन किया। सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पंचायत में तमाम कार्यों की जानकारी करने के लिए आरटीआई के तहत सूचना मांगी गयी थी। अधिशासी अधिकारी ने पत्र देकर हमलोगों को कार्यालय में बुलाया था। जब बुधवार को हम सभासद जब अधिशासी अधिकारी से सुचना प्राप्त करने के लिए कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय में अधिशासी अधिकारी उपस्थित नहीं थी। सभासदों ने आरोप लगाया कि जब सरकार के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आम जनमानस को यह अधिकार देता है कि किसी भी विकास कार्य में अगर सरकारी धन का उपयोग किया गया है तो आम जनमानस आईटीआई अधिनियम के तमाम जानकारी मांग सकता है। सभासदों ने गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरटीआई अधिनियम कानून की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रदर्शन करने वालों में आलोक मौर्य, अखिलेश यादव, इकबाल अंसारी, रितेश मौर्य, अरविन्द प्रजापति, सुनील विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेल दिवस के अवसर पर हॉकी, एथलेटिक्स एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में 29 अगस्त, 2025 को स्व0 मेजर ध्यानचन्द विश्व विख्यात हॉकी खिलाड़ी के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में 29 अगस्त, 2025 को मेजर ध्यानचन्द को श्रद्धांजलि देने के साथ ही फिट इण्डिया की शपथ दिलाने के पश्चात 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर के खेल मैदान पर किया जा रहा है। 30 अगस्त 2025 को जिला प्रशासन के सहयोग से जूनियर बालक खो-खो एवं जूनियर बालक एवं बालिका एथलेटिक्स की प्रतियोगिता (100, 200, 400, 800, 1500 मी0 रेस) का आयोजन किया जायेगा। उक्त तीनों ही प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों के साथ ही एथलेटिक्स में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फिट इण्डिया मिशन के अन्तर्गत सन्डे आन साइकिल का आयोजन 31 अगस्त 2025 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से किया जायेगा। हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी जी के कर-कमलों द्वारा पूर्वान्ह 10.30 बजे किया जायेगा ।जूनियर बालक खो-खो एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन सुनील यादव उर्फ मन्नन, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करंजाकला द्वारा तथा सन्डे आन साइकिल का उद्घाटन श्यामबाबू यादव, जिला पंचायत सदस्य जौनपुर के कर-कमलों द्वारा किया जायेगा। साईकिल रेस का उद्देश्य खिलाड़ियों के साथ ही जन सामान्य को फिट रहने के साथ खनिज तेल की खपत कम करना है जिससे देश आत्मनिर्भर हो और प्रत्येक देशवासी स्वस्थ एवं बलशाली हो। उक्त साइकिल रेस में खिलाड़ियों के साथ ही नागरिकों से भी अपील है कि अपनी सहभागिता दें ताकि आयोजन को सफल व उद्देश्यपरक बनाया जा सके।

## चेयरमैन ने किया पचास लाख लागत से बनी पांच सड़कों का लोकार्पण



**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** स्थानीय नगर के विभिन्न वार्डों में राजवित्त आयोग निधि के अड़तालीस लाख लागत से बनी पांच सड़कों का लोकार्पण मंगलवार सायं नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों में नगरीय सुविधाएं पहुंचना हमारी प्राथमिकता है। नगर वासियों को बताया कि सीमा विस्तार के बाद नगरपालिका क्षेत्र में तेरह बीघा भूमि हंड़िया बाबा कुटी भगतसिंह वार्ड मिली है। जहां तालाब बनाया जा रहा है आने वाली छठ पूजा का आयोजन अब इसी तालाब पर किया जाएगा। जिसके लिए सभी तैयारियां चल रही है। यहां एक बड़ा पार्क निर्माण कराया जाना है जहां स्वाधीनता आंदोलन के अमर बलिदानियों की मूर्तियां लगाई जाएगी। नगर वासियों से अपील किया कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें। सभासदों से अपील करते हुए कहा कि वह वार्ड के सभी नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जहां भी जो आवश्यकता हो कृपया नगरपालिका प्रशासन को अवगत करावें और मुझे भी व्यक्तिगत रूप से बता दें ताकि समस्याओं का समाधान त्वरित गति से किया जा सके। उन्होंने राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत अड़तालीस लाख रुपए लागत से नगर के कटरा, अंजही, गुड़हाई, बैंकरोड, पकड़ी आदि वार्डो में कुल पांच स्थानों पर कराये गये इन्टरलाकिंग कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर, सभासद रंजना दूबे, श्याम सुंदर दूबे, दिलीप श्रीवास्तव, कामता प्रसाद यादव, प्रकाश शुक्ला, राकेश मिश्रा सहित अन्य सभासद एवं नगर के लोग उपस्थित रहे। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन विशम्भर दूबे ने किया।

# मेघदूत साहित्यिक संस्था के तीसरे वार्षिकोत्सव मेघ मल्हार का भव्य आयोजन सम्पन्न

इंदौर। मेघदूत साहित्यिक संस्था (पंजाब) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा वार्षिक उत्सव मेघ मल्हारह्व शनिवार 23 अगस्त 2025 को इंदौर प्रेस क्लब सभागार में साहित्यिक गरिमा और सांस्कृतिक रंगत के साथ आयोजित हुआ ।जहां देशभर से आए साहित्यकारों ने कविता, छंद, गजल और गीत की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। संस्था के जनक रमेश चंद्र 'विनोदी' की अध्यक्षता एवं आयोजन प्रभारी गोपाल 'जिगर' के नेतृत्व में यह भव्य साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर दो माह तक चली साहित्यिक प्रतियोगिता ₹काव्य सुरभि₹ के विजेताओं, प्रतिभागियों एवं आमंत्रित अतिथियों को भी सम्मानित किया गया ।देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, जम्मू और बंगाल से आए रचनाकारों ने अपनी काव्य-प्रस्तुतियों से समा बाँध दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ से वरिष्ठ साहित्यकार अमरनाथ अग्रवाल, अरविंद तिवारी (अध्यक्ष-प्रेस क्लब, इंदौर), मुकेश तिवारी (अध्यक्ष-विचार प्रवाह साहित्य मंच), वरिष्ठ लेखिका श्रीमती सुषमा दुबे, डॉ. सोनाली सिंह नरगुंदे (प्रमुख-पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला, डी ए वी वी) तथा गीतकार ओम प्रकाश यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही ।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सम्मिलित सदस्य अबरार अंसारी, महेश बिसौरिया, संजीव शुक्ल सचिन, कवि राजेश्वर वशिष्ठ, महेश शर्मा 'शरमन', एवं अमिता अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति ने प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया ।प्रथम विजेता सुनीता कोगटा जागेटिया (भीलवाड़ा) को ह्लकाव्य कुमुदह्व उपाधि, दूसरे स्थान पर रमा प्रवीर वर्मा (नागपुर), वाटिका दल विजेता बने योगी रमेश कुमार योगी 'ओजस्वी' (राजस्थान) और श्रेष्ठ टिप्पणीकार रूपेंद्र गौर रहे ।विजेता दल का खिताब काव्य कानन ने जीता और विजेता रूप में उद्यान दल प्रमुख वैशाली गोयल और उद्यान दल वाचस्पति राजीव मिश्रा रहे। उक्त कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन मेघदूत का तृतीय वार्षिक काव्य संग्रह-ह्लकाव्य सुरभिह्व ह्लपर्यायह्व? लेखक अमरनाथ अग्रवाल एवं अन्य लोकार्पित कृतियां डॉ. करुणा अथैया, वैशाली गोयल, गोपाल 'जिगर' एवं शिखा बाहेती 'अमृत' की पुस्तक रही ।कार्यक्रम का संचालन रीना धीमान 'स्वर्ण' और अबरार अंसारी ने किया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष रमेश चंद्र 'विनोदी' ,प्रतियोगिता विवरण गोपाल जिगर और महेश बिसौरिया ने आभार व्यक्त किया ।उक्त अवसर पर रीना धीमान 'स्वर्ण', गोपाल 'जिगर', योगी रमेश कुमार, एकता कोचर रेलन, डॉ. प्रिया शर्मा, अरुण कुमार, शोभित गुप्ता, प्रकाश कुमार, डॉ. करुणा अथैया, सुमेधा सिसौदिया, अभिनव आलोक, अरुणिमा दास, राम किशोर, नीरू गुप्ता उपस्थित थे ।ह्लमेघ मल्हारह्व न केवल एक साहित्यिक आयोजन था बल्कि यह भारत की विविधता को एक साझा रचनात्मक मंच पर एकत्र कर साहित्यिक एकता और सृजनशीलता का प्रतीक बना।आयोजन में महाराष्ट्र से नव निर्मित ह्लभारतीय पॉपुलर पार्टीह्व द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिसके लिए संस्था ने विशेष आभार व्यक्त किया।



# महाराजगंज को जिला बनाने को लेकर धरना प्रदर्शन



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महराजगंजअनुमंडल अंतर्गत महाराजगंज नगर के अमर शहीद फुलेना स्मारक के प्रांगण में जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वधान में स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह के अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना पर बैठ स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह ने सरकार को अपने धरना प्रदर्शन के माध्यम से अवगत कराया। सेनानी ने बताया कि जिला की मांग वर्षों से चली आ रही है। पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण 100 वर्ष के उम्र में मुझे धारणा प्रदर्शन करना पड़ रहा ।

राजद नेता राजकिशोर गुप्ता ने बताया की जब से समिति का गठन हुआ है। तब से लगातार प्रयास रहता है। कि महाराजगंज जिला बने और यहां की जनता जनार्दन का सपना पूरा हो। संघर्ष समिति के संयोजक मारकंडेय सिंह ने कहा अब जब तक जिला नहीं बनेगा संघर्ष जारी रखेंगे । हम क्षेत्र में घूमने के दौरान जनता को जागरूक भी करते हैं । आगे भी रणनीति तैयार कर और मजबूती से लड़ाई को लड़ने का काम करेंगे। मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि 2005 से जनता के मांग पर लड़ाई लड़ी जा रही है परन्तु सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अमित कुमार सिंह ने कहा की महाराजगंज के प्रमुख मुद्दा को यहां के कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं उठा रहे हैं। संसदीय क्षेत्र होते हुए भी जिला नहीं बन पा रहा है। आत्मा सिंह ने अपने बयान में बताया की महाराजगंज की आबादी 25 लाख से अधिक है इसमें 6 प्रखण्ड आता है। आए दिन आपराधिक घटनाएं घटती हैं जब तक जिला नहीं बनेगा तब तक प्रशासनिक व्यवस्था, ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था, व्यवसायिक सुरक्षा व्यवस्था, रोजगार के अवसर आदि संभव नहीं है। इस लिए सरकार को अविलंब जिला घोषित कर देना चाहिए। योगी अंगद जी महाराज ने बताया की अगले 1 सितम्बर से आंदोलन के रूप में महराजगंज नगर से बाबा महेंद्रनाथ धाम तक रैली जाएगी। उसके बाद पटना जाकर अनशन पर बैठा जाएगा। जब तक सरकार जनता की मांगे नहीं मानेगी आंदोलन होता रहेगा। डा रामनारायण पाठक ने कहा की महाराजगंज को जिला नहीं बनाया जायेगा तो अबकी बार विधानसभा के चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। धरना प्रदर्शन में राजकिशोर गुप्ता, अली इमाम खान, मार्कण्डेय सिंह, अमित कुमार सिंह, योगी अंगद जी महाराज, आत्मा कुमार सिंह, गणेश दत्त शाही, डा रामनारायण पाठक, पूर्व पार्षद ईश्वर पाण्डेय, रामानन्द राम, विजय सिंह, अजय सिंह, अरुण सिंह, मणिभूषण सिंह, सहित सैकड़ों जनता शामिल थे।

## वाराणसी को 7वीं वंदे भारत ट्रेन की सौगात, वाराणसी से मेरठ तक का सफर होगा चंद घंटो में



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** आठ महीने के इंतजार के बाद बुधवार से मेरठ-लखनऊ वंदे भारत का संचालन अयोध्या होते हुए वाराणसी तक शुरू हो जाएगा। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को दिसंबर 2024 में वाराणसी तक विस्तार दिया गया था लेकिन तकनीकी कारणों से ऐसा नहीं हुआ। बरेली से अयोध्या धाम और वाराणसी के लिए वंदे भारत जैसी कोई लग्जरी सेमी हाईस्पीड ट्रेन नहीं है। ऐसे में लोगों को मेरठ-लखनऊ वंदे भारत के वाराणसी तक संचालन का बेसब्री से इंतजार था। बुधवार को 22490 मेरठ-वाराणसी वंदे भारत मेरठ सिटी से सुबह 6:35 बजे चलने के बाद 8:35 बजे मुरादाबाद और सुबह 9:58 बजे बरेली जंक्शन आएगी। इसके बाद दोपहर 1:45 बजे लखनऊ, 3:53 बजे अयोध्या धाम और शाम 6:25 बजे वाराणसी पहुंचेगी। वापसी में बृहस्पतिवार से 22489 वाराणसी-मेरठ वंदे भारत वाराणसी से सुबह 9:10 बजे चलने के बाद 11:40 अयोध्या धाम, दोपहर 1:40 बजे लखनऊ, शाम 5:17 बजे बरेली आएगी। इसके बाद 6:50 बजे मुरादाबाद और रात 9:05 बजे मेरठ पहुंचेगी।

## प्रभुनाथ सिंह पूर्व सांसद की रिहाई के लिए 30 अगस्त को निकलेगी महा रैली



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज। महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह एक मामले में हजारीबाग जेल में हैं। इनके र्यकर्ता प्रभुनाथ सिंह को जेल से निकालने के लिए व्याकुल हैं इसके लिए महाराजगंज का लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में कार्यकताओं द्वारा प्रभुनाथ सिंह को जेल से रिहा करने के लिए जनांदोलन कर बिहार सरकार से क्रमबद्ध सभी प्रखंडों में रैली निकाल कर उनको रिहा करने की मांग कर रहे हैं। बुधवार के दिन प्रभुनाथ सिंह के समर्थकों ने महाराजगंज के धनछुहां , सावान विग्रह, भाऊ छपरा, पकवालिया, महाराजगंज शहर, जगदीशपुर, कॉपियां आदि गांव-गांव घूम कर 30 अगस्त को 9 बजे सुबह आर बी जी आर कॉलेज पर आने का आमंत्रण दिया। वही दूसरी टीम महाराजगंज के उतरी छोर के पोखरा, रिसौरा, अफराद, बलियां, कर्णपुरा, माधोपुर, सिकंदरपुर, तेवथा टेंघड़ा, बंगरा, आकीलटोला, हरकेशपुर आदि गांव का भ्रमण कर लोगों को रिहाई रैली में शामिल होने का नेवता दिया। टीम में डॉ अमरेंद्र कुमार राठौर, अशोक सिंह, सतेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, खोबारी सिंह, विजय सिंह, राजेश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, प्रो. सुबोध सिंह, रंजिनीश सिंह, सुधीर सिंह, कामाख्या सिंह, उमाशंकर सिंह, ब्रजेश सिंह, मनोज सिंह आदि लोग अलग-अलग टीम बनाकर कई दर्जन गांव का भ्रमण किया।

## लोलार्क षष्ठी पर संतान प्राप्ति की कामना के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ने लगी भीड़



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** जनपद में लोलार्क कुंड में इस बार भी 29 अगस्त को लोलार्क षष्ठी पर्व को देखते हुए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ने लगी है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व संतान प्राप्ति और रोग निवारण की कामना से जुड़ा है। मान्यता है कि इस पवित्र कुंड में स्नान करने से निःसंतान दंपतियों को संतान सुख प्राप्त होता है और चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। लोलार्क कुंड, जिसे सूर्य कुंड भी कहा जाता है, को लेकर धार्मिक मान्यता है कि देवासुर संग्राम के दौरान भगवान सूर्य के रथ का पहिया यहीं गिरा था। यही कारण है कि सूर्योदय की पहली किरण सीधे इस कुंड पर पड़ती है। कुंड के दक्षिण भाग में स्थित लोलार्केश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग भी अनोखा है, जिसका अर्घा पूर्व दिशा की ओर है। बताया जाता है कि 9वीं शताब्दी से यहां स्नान की परंपरा चली आ रही है। गढ़वाल नरेश ने अपनी सात रानियों के साथ यहां स्नान कर संतान प्राप्ति का आशीर्वाद पाया था। बाद में इंदौर की रानी अहिल्याबाई होलकर ने इस कुंड का पुनरुद्धार कराया था।श्रद्धालुओं का जन सैलाब ना के केवल उत्तरप्रदेश से बल्कि , नेपाल, बंगाल और देश-विदेश के अन्य हिस्सों से श्रद्धालु वाराणसी पहुंचने लगे हैं। श्रद्धालु परिवार समेत यहां आकर स्नान कर संतान प्राप्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। कई दंपती, जिन्हें पूर्व में इस कुंड में स्नान के बाद संतान सुख मिला, अपने बच्चों के साथ यहां मन्नत उतारने पहुंचे। प्रशासन ने भी कसी कमर के तैयारी में कोई कसर ना रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। लोलार्क कुंड से अस्सी घाट और सोनारपुरा तक जिगजैग बैरिकेडिंग लगाई गई है ताकि भीड़ पर नियंत्रण रहे और भगदड़ की स्थिति न बने।

## महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा के गोडाउन पर मीरा रोड पुलिस का छापा, दो लाख का मुद्देमाल जब्त

तारकेश्वर पांडे

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड में मीरा रोड थाने की पुलिस ने महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा के कारोबारी 2 लोगों को गिरफ्तार किया। बता दे की मीरा रोड पुलिस थाने की सिनियर पीआई मेघना बोरांडे को गुप्त सूचना मिली थी कि, मीरा रोड ईस्ट, बेवर्ली पार्क, मेरी गोल्ड, संस्कृति बिल्डिंग नंबर 8 के एक रूम में महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा अवैध रूप से स्टॉक रखा है। फिर मीरा रोड पुलिस थाने के क्राइम पीआई जिलानी सैय्यद, और मीरा रोड पुलिस थाने की टीम ने संस्कृती बिल्डिंग नंबर 8 के रूम में छापा मारकर 2 महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा विक्रेताओं को हिरासत में लेकर विमल पान मसाला, राजनिवास, रजनीगंधा, तानसेन, बाजीराव गुटखा, शिखर गुटखा, रॉयल गुटखा, केके गुटखा और अन्य गुटखा टोटल दो लाख रुपए का महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखे का मुद्देमाल जप्त किया। महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा कहा से खरीदा गया उसके बारे में, गुटखा के होलसेलर मालिक फरार बताया जा रहा है। महाराष्ट्र प्रतिबंधित गुटखा पर कारवाई एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी और जोन 1 डीसीपी राहुल चव्हाण (आईपीएस) के मार्गदर्शन में मीरा रोड पुलिस थाने के सीनियर पीआई मेघना बोरांडे, क्राइम पीआई जिलानी सैय्यद, और मीरा रोड पुलिस थाने की टीम ने मिलकर सफलतापूर्वक कारवाई किया।

## झाड़ियों में नरकंकाल मिलने से मचा हड़कंप

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जिले के पंडितपुर स्थित एजीआर मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर के पास बुधवार दोपहर झाड़ियों में नरकंकाल मिलने से मचा हड़कंप, अचानक इस घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर रोहनिया पुलिस मौके पर पहुँची और कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, खेत मालिक काजू अपने खेत की सफाई जेसीबी से करवा रहे थे। इस दौरान चालक ने झाड़ियों में शव जैसा कुछ देखने की जानकारी दी। इसके बाद काजू ने तुरंत डायल 112 पर कॉल किया।

सूचना मिलते ही पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुँचे। घटनास्थल पर एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह, मोहनसराय चौकी प्रभारी धर्मेंद्र राजपूत, भदवर चौकी प्रभारी रामकुमार पांडेय, अखरी चौकी प्रभारी विशाल कुमार सिंह और फॉरेंसिक टीम ने पहुँचकर जांच शुरू की। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कंकाल के ऊपर मिले कंबल व त्रिपाल को साक्ष्य के तौर पर कब्जे में लिया।

# जनपद में 59 मुख्य सेविकाओं को वितरित किया गया नियुक्ति प्रमाण-पत्र



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश में 2425 मुख्य सेविकाओं एवं 12 फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया। इसी क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिन्सु, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य अधिकारीगण तथा नवचयनित युवाओं की उपस्थिति में देखा गया और माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष व पारदर्शी प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। निश्चित रूप से अभ्यर्थियों के प्रतिभा का सम्मान हुआ है। उन्होंने सभी नवचयनितों से कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्य करके देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रखने वाले बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होने सभी नवचयनितों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि शासन के द्वारा जिस विश्वास के साथ आपको मुख्य सेविका के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है ।आप सभी इमानदारी से कार्य करते हुए अपना शत प्रतिशत दे। उन्होने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के अथक प्रयास से मिशन रोजगार के तहत युवाओं को नौकरी देने की दिशा में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद का सौभाग्य है कि आज कुल 59 बेटियों ने मुख्य सेविका के पद पर चयनित होकर जनपद का गौरव बढाया हैं। मुख्यमंत्री के आर्शीवचन को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होने कहा कि अपनी योग्यता और प्रतिभा का प्रयोग सही दिशा में करते हुए अपने जनपद और माता पिता का नाम रोशन करें। जिलधिकारी ने नव चयनित मुख्य सेविकाओं को कहा कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण विभाग है। आप सभी लोगों को इस विभाग में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सभी लोग अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। जनपद में मुख्य सेविका के पद पर चयनित अंकिता यादव ने कहा कि मुख्य सेविका के पद चयनित होकर गौरवान्वित महसूस कर रही है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग में कार्य करके लोगों से संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा। लोगो की समस्याओं को दूर करते हुए उनके जीवन को और अच्छा बनाने का प्रयास किया जाएगा। जनपद की सुमन पाल ने अपने जीवन के संघर्षों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान में वह रेलवे में टीटी के पद पर कार्यरत है। उन्होने कहा कि वह बच्चों को अपना बच्चा समझ कर उनके हित में कार्य करेगी। जिससे कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे ।नवचयनित अमृता गोस्वामी ने कहा कि पूरे पारदर्शिता के साथ चयन हुआ है इसके लिए उन्होने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगी। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी पीडी आत्मा डॉ0 रमेशचंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, डीसी मनरेगा सुशील त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, सीडीपीओ खुटहन सुरेश यादव, राजेश यादव, अभिशेष द्विवेदी, राकेश कुमार मिश्रा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर विनय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## वांछित आरोपी एक किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा एक वांछित आरोपी को एक किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार ।प्र0नि0 सिकरारा के नेतृत्व में थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-286/2025 धारा-8/20 ठउद्धर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी उमाशंकर यादव पुत्र टुनमुन यादव ग्राम अजोसी थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को वहद ग्राम गनापुर से अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।













## मंगीता ताई माखन का जन्मदिन मनाया गया



मुंबई। मुंबई प्रदेश अध्यक्ष डेबुजी युथ ब्रिगेड महाराष्ट्र रणरागिणी मंगिता ताई माखन का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन निष्काम कर्मयोगी श्री संत गाडगेबाबा की कर्मभूमि, मूर्ती (जिला बुलढाणा) में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सतिश सोनोने (श्री संत गाडगेबाबा के पणतू) के सहवास में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विशेष रूप से विश्वनाथ राऊत (अध्यक्ष, श्री संत गाडगेबाबा नागरी सहकारी पत संस्था, कारंजा लाड तथा मार्गदर्शक, डेबुजी युथ ब्रिगेड महाराष्ट्र) और सतिश सांबसकर (संपादक, वैरायमूर्ति) की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके अलावा रुखिमणी राऊत (अधिक्षिका, कुंतामाता कन्या छात्रालय) ने भी कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका निभाई। सभी अतिथियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मंगिता ताई माखन को जन्मदिन पर सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## शाइन 100 डीएक्स पेश किया

धनबाद : हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने धनबाद, झारखंड में नई सीबी 125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स को पेश किया गया नई हॉंडा सीबी125 हॉर्नेट की कीमत लिमिटेड पीरियड इंट्रोडक्टरी प्राइस पर रुपए 1,12,000 रखी गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत रुपये 75,950 है (एक्स-शोरूम, धनबाद)।

# जाति नहीं, काम और मेरिट के आधार पर होती हैं नियुक्तियां

-सुरेश गांधी

वाराणसी. उत्तर प्रदेश को लेकर यह नरेटिव फैलाने की कोशिश हुई कि प्रदेश में सिर्फ ठाकुर अफसरों का दबदबा है और जिलाधिकारी की पोस्टिंग जातिवाद पर आधारित है। मगर हकीकत इसके उलट सामने आई है। या यूं कहे यूपी में जातिवाद का झूठा नरेटिव गढ़कर योगी सरकार को बदनाम करने की कोशिश करने वालों की पोल अब खुल चुकी है। विपक्षी खेमे से लेकर कुछ मीडिया हलकों तक यह अफवाह उड़ाई गई कि यूपी में ठाकुरवाद चल रहा है और सबसे ज्यादा जिलाधिकारी ठाकुर वर्ग से हैं। लेकिन वास्तविक आंकड़े इस प्रचार को करारा तमाचा हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि योगी सरकार में डीएम की नियुक्तियां जातिगत दबाव पर नहीं बल्कि काम, दक्षता और मेरिट के आधार पर हुई हैं। मतलब साफ है यूपी में ठाकुरवाद का शोर मचाने वालों को आंकड़ों ने आईना दिखा दिया है। योगी सरकार ने साबित किया है कि यह हसनातन सरकारह जातिवाद नहीं, विकास और कामकाज पर चलती है। साथ ही प्रशासनिक नियुक्तियों के जरिये योगी सरकार ने यह संदेश दे दिया है कि काम ही पहचान है, जाति नहीं।



संतुलन की तस्वीर

ठाकुर डीएम (12) : गोरखपुर, आजमगढ़, बहराइच, देवरिया, प्रतापगढ़, सोनभद्र, बलरामपुर, अयोध्या, फतेहपुर, कन्नौज, मथुरा और बिजनौर।

ओबीसी डीएम (21) : वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, श्रावस्ती, गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव, जालौन, झांसी, चंदौली, भदोही और अमेठी।

ब्राह्मण डीएम (19) : मेरठ, सहारनपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर, बरेली, फर्रुखाबाद, एटा, कासगंज, कानपुर, हमीरपुर और बांदा।

एससी/एसटी व अल्पसंख्यक डीएम (23) : मिर्जापुर, चित्रकूट, महोबा, ललितपुर, गाजियाबाद, नोएडा (गौतमबुद्ध नगर), हापुड़, अमरोहा, संभल, बरेली, सीतापुर, संतकबीरनगर, महाराजगंज, चंदौली, बलिया, अमेठी, रायबरेली, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, कौशांबी, अंबेडकरनगर और आजमगढ़।

क्या कहते हैं आंकड़े?

यह स्पष्ट है कि प्रदेश में डीएम की सबसे ज्यादा जिम्मेदारी ओबीसी वर्ग के अफसरों के पास है। दलित-आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग को भी बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है। जबकि ठाकुर, जिन पर सबसे ज्यादा आरोप लगाए गए, वे वास्तव में सबसे कम संख्या में हैं।

नरेटिव की पोल

प्रचार :यूपी में ठाकुर डीएम ही सबसे ज्यादा हैं

सच्चाई : हकीकत में ठाकुर सबसे कम हैं। सबसे ज्यादा जिम्मेदारी ओबीसी व एससी-एसटी अधिकारियों के पास है।

सनातन सरकार, सनातन सोच

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार को लोग सनातन सरकार भी कह रहे हैं, क्योंकि यह शासन न केवल धर्म-संस्कृति की रक्षा कर रहा है बल्कि विकास कार्यों में भी नये मानक स्थापित कर रहा है। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर से लेकर राम मंदिर तक आस्था के केंद्र सशक्त हुए। बुनियादी ढांचे में एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और निवेश योजनाएं तेजी से आगे बढ़ी हैं। प्रशासनिक नियुक्तियों में जातिवाद की जगह कार्यकुशलता और ईमानदारी को महत्व मिला है।

## मनोज कोटक के निवास स्थान पर गणपति बाप्पा का आगमन



मुंबई। ईशान्य मुंबई के पूर्व सांसद मनोज कोटक के मुलुंड (प.)स्थित निवास स्थान पर गणपति बाप्पा के आगमन पर वरिष्ठ समाज सेवक डॉ. बाबूलाल सिंह, बीरेंद्र पाठक, डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष -युवा ब्रिगेड असोसिएशन), सुरेंद्र मिश्रा, मैथ्यु चेरियन, राजेंद्र (हैदराबाद), राकेश मिश्रा ने भगवान गणपति बाप्पा के दर्शन किये एवं प्रसाद ग्रहण किया।

## पाकिस्तान में आतंकियों ने किया 4 युवकों का अपहरण, कबायलियों की जवाबी कार्रवाई में 2 दहशतगर्द ढेर

इस्लामाबाद। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थानीय कबायलियों और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों के बीच हुई झड़पों में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। गोलीबारी मंगलवार को लक्की मरवत जिले की नौरंग तहसील में हुई जब आतंकवादियों ने तख्ती खेल मरवत कबीले के चार युवकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। जवाबी कार्रवाई में, कबायलियों ने अपहरणकर्ताओं पर हथियारों से हमला किया, जिसके बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की गोलीबारी में एक कबायली घायल हो गया और अपहृत युवकों को बाद में छुड़ा लिया गया। प्रांत में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच बन्नू, लक्की मरवत, स्वात और ऊपरी व निचले दीर जिलों में स्थानीय समुदायों ने आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

# खाद यूरिया को लेकर किसानों की कतारें, बलरामपुर में उमड़ा जनसैलाब



-नानबाबू चौहान

बलरामपुर(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद में सरकारी खाद समितियों पर यूरिया खाद लेने के लिए किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। लिंलवा, लखाही, ठटिया, पोखरा व थाना गौरा चौराहा क्षेत्र की समितियों पर किसानों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। हालात यह हैं कि महिलाएं व बुजुर्ग तक दो-दो दिनों से कतार में खड़े हैं, लेकिन उन्हें एक बोरा खाद तक नसीब नहीं हो रहा।

निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बिक रही खाद

स्थानीय किसानों ने आरोप लगाया कि समितियों पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। निर्धारित मूल्य के बजाय अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। कतारों में खड़े किसान बताते हैं कि समिति सचिवों के सामने कुछ और तस्वीर दिखाई देती है, जबकि असलियत में किसानों को कई दिनों की मशक्कत के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है।

किसानों की बेबसी

किसानों का कहना है कि कमजोर और बीमार लोग चार-चार दिन कतार में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट जाते हैं। कई किसानों ने दुख जताते हुए कहा कि एक बोरे के लिए उन्हें घुटने टेकने पड़ रहे हैं। बारिश समय पर न होने से धान की फसल पहले से ही प्रभावित है और अब खाद की किल्लत ने परेशानी और बढ़ा दी है।

सरकार का दावा झ्र पर्याप्त खाद उपलब्ध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर बताया कि 18 अगस्त तक प्रदेश में 42.64 लाख मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हो चुकी है, जो पिछले साल से 4.37 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सरकार का दावा है कि सभी 18 मंडलों में किसानों को खाद उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सीएम ने किसानों से अपील की है कि वे अतिरिक्त भंडारण न करें।

कालाबाजारी पर सख्ती का आश्वासन

सीएम योगी ने कहा कि खाद की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई होगी और जिम्मेदारों पर किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, किसान सवाल उठा रहे हैं कि यदि सप्लाई अधिक है तो समितियों पर खाद खत्म क्यों हो जाती है और उन्हें कई दिन कतार में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ क्यों लौटना पड़ता है।

किसानों की मांग

किसानों ने प्रदेश सरकार से खाद वितरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को 7 घंटे में सकुशल बरामद कर परिवार को किया सुपुर्द

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के प्रेमचंद्र नगर कॉलोनी थाना लालपुर पांडेयपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में अपने 8 वर्षीय बेटे की गुमशुदगी का प्रार्थनापत्र दिया कि 25 अगस्त को उनका बेटा कही चला गया।अपने रिश्तेदारों व आस-पास ढूंढने पर पता नहीं चला। लालपुर पांडेयपुर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने इसकी सूचना तत्काल पांडेयपुर उ०नि० प्रवीण सचान को दिया,सूचना मिलते ही उ०नि० प्रवीण सचान, उ० नि० करुणाशील, म०उ०नि० आकांक्षा मिश्रा, क्राइम टीम के हे०का०चंद्रसेन सिंह, का०अमरेश यादव टीम ने व्यक्ति के बेटे को लगभग 7 घंटे में सकुशल दशाश्वमेध घाट से बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द किया। परिजन खोए हुए बच्चे को पाकर वाराणसी पुलिस की तत्परता की भूरी भूरी प्रशंसा व धन्यवाद दिया।

## उत्तर प्रदेश ताईक्वांडो टीम के कोच बने जौनपुर के अमन दबगरवाल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।ओडिशा के कटक में होने जा रही चौथी सब-जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 28 अगस्त से 2 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए जौनपुर के अमन दबगरवाल को उत्तर प्रदेश पूमसे टीम का कोच नियुक्त किया गया है। अमन दबगरवाल की इस उपलब्धि से पूरे जौनपुर में खुशी की लहर है। उनके नेतृत्व में जौनपुर के तीन खिलाड़ी झ्र कुलदीप, इशान और उदय भी राष्ट्रीय खेलों की पूमसे सीनियर टीम का हिस्सा बनेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कोच और खिलाड़ी 27 अगस्त की शाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से कटक (ओडिशा) के लिए रवाना होंगे।

## सेवा का जज्बा रखते है सेवादार



उदयपुरवाटी। शेखावाटी क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही चौबिस कोसीय परिक्रमा का महत्व सब जानते हैं और मानते हैं कि इस परिक्रमा के करने से किए गए पापों से मुक्ति मिलती है और शरीर की शुद्धि भी। बेहतर घंटे चलकर जब शरीर थक जाता है तो जगह-जगह सेवा करने के निशुल्क सेवा शिविर लगते हैं इस परिक्रमा के दौरान। जिसमें उदयपुरवाटी के डॉक्टर महेंद्र माली अपनी टीम के साथ परिक्रमा में तीन दिन तक पूरी सेवा देते हैं उनके साथ उनका बेटा डॉक्टर रवि भी तन मन से सच्ची सेवा देता है साथ ही उनके घर के अन्य मेंबर एवं उनके फ्रेंड सर्कल के लोग भी इस सेवा में शुमार होते है ।करीब 10 सालों से परिक्रमतियों एवं मेले में आने वाले लोगों की सेवा निशुल्क कैंप लगाकर करते आए हैं साथ ही चाय नाश्ता और अल्पाहार की व्यवस्था भी अपने कैंप में रखते हैं इनके सहयोग के रूप में उनके सहयोगी डॉक्टर एमपी चनेजा रामलाल सैनी, डी के नीर के श्यामलाल सैनी और केसर बड़ोती शामिल है ।आपको बता देवे कि परिक्रमा में डा. महेन्द्र कुमार माली द्वारा सन-2010 से काला खेत स्थित दुर्गा वाला जोहड़ में 30७60 का पांडाल लगा कर मेडिकल सेवा देते आ रहे हैं और परिक्रमा में आये हुए श्रद्धालुओं की सेवा सुश्रुसा का जिम्मा अपने ओर अपनी टीम के माध्यम से मसाज कर व दवाईयाँ देकर उनकी सेवा करते है, थके मांदे को राहत पहुंचाने का पुनीत कर्म करते हैं।

## 15 वर्षीय गैंगरेप पीड़िता ने ऑटो में बच्ची को दिया जन्म, अब पुलिस कराएगी डीएनए टेस्ट

नेशनल डेस्क : उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक 15 वर्षीय रेप पीड़िता ने ऑटो में एक बच्ची को जन्म दिया है। यह दर्दनाक घटना तब हुई जब परिवार उसे अस्पताल ले जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने सात में से केवल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच अन्य अब भी फरार हैं, जिससे पीड़ित परिवार में आक्रोश है।

यह मामला वाराणसी के एक गांव का है, जहां 15 साल की एक किशोरी से गांव के ही सात युवकों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने लोक-लाज और ब्लैकमेलिंग के डर से यह बात लंबे समय तक छिपाए रखी। जब वह गर्भवती हुई, तब जाकर परिजनों को इस घटना का पता चला। पीड़िता के भाई का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में केवल दो आरोपियों, नान्हक और आशू को गिरफ्तार किया है। बाकी पांच आरोपी, करण, सौरभ, गोलू, अंकित और आकाश, अभी भी फरार हैं। परिवार ने इस संबंध में पुलिस कमिश्नर को फिर से शिकायत दी है।

पीड़िता की मौसी ने बताया कि कल सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण वे ऑटो से अस्पताल जा रहे थे। तभी रास्ते में ही ऑटो में बच्ची का जन्म हो गया। इसके बाद, उन्हें एक निजी अस्पताल में ले जाकर डिलीवरी कराई गई और फिर दीनदयाल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने अपनी बच्ची को खुद पालने का फैसला किया है। उसने कहा, 'मैं अपनी बच्ची को खुद पालूंगी, उसे किसी पिता की जरूरत नहीं है।' पीड़िता के माता-पिता मानसिक रूप से कमजोर हैं, इसलिए उसका भाई और मौसी ही इस लड़ाई में उसके साथ हैं।

अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची का पिता कौन है, यह तय करने के लिए डीएनए टेस्ट कराना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की नए सिरे से जांच की जा रही है और अगर पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाई गई तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पीड़िता और उसकी नवजात बच्ची को डॉक्टरों ने इलाज के बाद घर भेज दिया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## कैथोलिक चर्च में अंधाधुंध फायरिंग, 20 लोगों के मारे जाने की आशंका, कई बच्चे घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में सोमवार सुबह एक कैथोलिक चर्च में हुई गोलीबारी ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। यह हमला उस समय हुआ जब चर्च से जुड़े एनानुंसिएशन कैथोलिक स्कूल में साल की शुरूआती प्रार्थना सभा चल रही थी। प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक, कम से कम 20 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से अभी तक मौतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। .

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8:30 बजे एक सशस्त्र व्यक्ति ने 54वीं स्ट्रीट स्थित एनानुंसिएशन कैथोलिक चर्च में हमला कर दिया ।यह चर्च एक प्राथमिक स्कूल से जुड़ा है, जहां उस वक्त बच्चे और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

गोलीबारी की सूचना मिलते ही मिनेसोटा स्टेट ट्रूपर्स, स्थानीय पुलिस, एफबीआई एजेंट, पैरामेडिक्स और कई एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गए। इलाके को पूरी तरह से सील कर दिया गया है और सुरक्षा बल तलाशी अभियान चला रहे हैं। बंदूकधारी गिरफ्तार हुआ है या नहीं, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे एनानुंसिएशन कैथोलिक स्कूल में गोलीबारी की जानकारी दी गई है। जैसे-जैसे हमें अधिक जानकारी मिलेगी, मैं आपको अपडेट देता रहूंगा। बीसीए और राज्य गश्ती दल मौके पर मौजूद हैं। मैं उन बच्चों और शिक्षकों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिनका स्कूल का पहला सप्ताह इस भयानक हिंसा की वजह से तबाह हो गया।

एनानुंसिएशन कैथोलिक स्कूल के अधिकारियों ने फिलहाल कोई बयान नहीं दिया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अभी आपके सवालों के जवाब देने का समय नहीं है। डेली मेल ने इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस और चर्च प्रशासन से भी संपर्क किया है, लेकिन कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन की ओर से जारी अपडेट का इंतजार करें।

## प्रेमी से मिलने गई नाबालिग लड़की के साथ 5 लड़कों ने किया गैंगरेप

झारखंड । झारखंड के दुमका जिले में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। काठीकुंड थाना क्षेत्र में पांच दरिंदों ने एक आदिम जनजाति समुदाय की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना उस वक्त हुई जब पीड़िता अपने प्रेमी से मिलने गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर ढडउरड एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इस घटना ने दुमका में पिछले दिनों हुई स्पैनिश महिला के साथ गैंगरेप की वारदात की यादें ताजा कर दी हैं, जिसने पूरे देश में आक्रोश पैदा कर दिया था। सोमवार की शाम नाबालिग लड़की का प्रेमी, जो एक ट्रक में खलासी का काम करता है, कोयला लेकर दुमका आया था। इसी दौरान वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए गुमरा पुल पर पहुंचा। जब वे दोनों आपस में बात कर रहे थे, तभी वहां पांच युवक पहुंच गए। पहले उन्होंने लड़की और उसके प्रेमी से देर रात वहां होने का कारण पूछा। इसके बाद, आरोपियों ने लड़की को जबरन पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। जब प्रेमी ने इसका विरोध किया, तो उन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद, उन्होंने प्रेमी के सामने ही लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई। पुलिस ने गैंगरेप में शामिल सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ ढडउरड एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब दुमका में इस तरह की जघन्य घटना हुई है। इससे पहले, मार्च 2024 में, दुमका जिले के ही हंसडीहा थाना क्षेत्र में एक स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप की वारदात हुई थी। वह अपने पति के साथ बाइक से वर्ल्ड टूर पर निकली थी और टेंट लगाकर आराम कर रही थी। उस घटना के बाद पूरे देश में गुस्सा फैल गया था। पुलिस ने उस मामले में भी आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## वैष्णो देवी मंदिर के पास बड़ा हादसा, अर्धकुमारी के पास हुई लैंडस्लाइड, 33 लोगों की मौत

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर एक बार फिर प्राकृतिक आपदा की चपेट में है। भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने राज्य के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है। खासकर कटरा क्षेत्र, जो माता वैष्णो देवी मंदिर के कारण धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, वहां स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। बारिश के कारण पहाड़ों में कई जगहों पर जमीन खिसक गई है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

कटरा से माता वैष्णो देवी मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर भूस्खलन की चपेट में आकर अब तक 33 लोगों की जान चली गई है और 23 लोग घायल हुए हैं। यह मार्ग तीर्थयात्रियों के लिए मुख्य रास्ता है, लेकिन अब मलबे से पूरी तरह ढक चुका है। एसएसपी रियासी, परमवीर सिंह के मुताबिक, बचाव दल मौके पर तैनात हैं और राहत कार्य तेजी से जारी है। हालांकि खराब मौसम और लगातार गिरते मलबे की वजह से ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं।

26 अगस्त की देर रात जम्मू के कई इलाकों में बादल फटने की सूचना मिली, जिसके बाद स्थानीय नदियां और नाले उफान पर आ गए। तेज बहाव के साथ चट्टानें, पेड़ और मिट्टी बहकर नीचे आ गई, जिससे कई मकान जमींदोज हो गए। कई गांवों में संपर्क पूरी तरह टूट गया है और बिजली-पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि अर्धकुंवारी के पास हुए भूस्खलन के बाद बचाव अभियान जारी है, दोपहर करीब 3 बजे भूस्खलन हुआ था।

राज्य प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर मौजूद हैं। सेना और NDRF की यूनिट्स को भी राहत और बचाव के लिए तैनात किया गया है। हेलिकॉप्टरों की मदद से फंसे लोगों को निकालने का काम जारी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए और अधिक बारिश की चेतावनी दी है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं।

स्थानीय प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे फिलहाल यात्रा स्थगित करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड भी स्थिति पर नजर रखे हुए है और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहा है।

# नवी मुंबई में रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा का भव्य स्वागत







नवी मुंबई(उत्तरशक्ति)। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा आयोजित रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा का स्वागत नवी मुंबई में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया।

नवी मुंबई में यह पदयात्रा २४ अगस्त २०२५, रविवार को दोपहर १२ बजे कोपरखैरने, सेक्टर २० स्थित जायका होटल से प्रारंभ होकर वाशी रेलवे स्टेशन के पास रघुलीला मॉल में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से राजेन्द्र बहादुर और आर. एन. यादव ने किया। यात्रा पूर्ण होने के बाद रघुलीला मॉल के भीतर यादव समाज की विभिन्न संस्थाओं को शाल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। साथ ही यात्रा के साथ पहुंचे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव ने अहीर रेजिमेंट की मांग पर जोर देते हुए अहीरों की वीर गाथा को घर-घर तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। वहीं महाराष्ट्र के महासचिव किरण यादव ने समाज को एकजुट करने के लिए नए-नए कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया।

महाराष्ट्र उपाध्यक्ष राजेंद्र बहादुर यादव ने अपने संबोधन में रेजांगला के शहीद अहीर वीरों पर बन रही फिल्म का जिक्र किया और चेतावनी दी कि फिल्म में अगर किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ की गई तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में महासभा मुंबई प्रदेश के सचिव आर. एन. यादव ने यात्रा में शामिल सभी प्रतिभागियों और संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वालों में राजेंद्र बहादुर यादव (उपाध्यक्ष, अ.भा.म.स.), आर.एन. यादव महाराष्ट्र सचिव, अ.भा.म.स., के साथ लालचंद यादव, चंद्रशेखर यादव, सर्वजीत यादव, मनोज यादव, सुरेश यादव और शिवप्रसाद यादव विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। आर एन यादव के अनुसार यादव समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष एसबी यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनका सहयोग हमेशा मिलता रहता है। जितेंद्र यादव ने भी कार्यक्रम सफल करने में अपनी अहम भूमिका निभाई।



## गुमशुदा की तलाश

**सहायक अभियोजन अधिकारी श्री राकेश कुमार (हाल तैनात जनपद फतेहपुर पूर्व तैनात जनपद गाजियाबाद ) का बेटा उत्कर्ष प्रजापति उम्र लगभग 19 साल दिनाक 28/7/2025 को घर- बी 277 पटेल नगर 2 थाना सिहानी गेट गाजियाबाद से बिना बताए कही चला गया है अब तक घर वापस नहीं आया है अगर इसके बारे में कोई जानकारी होती है तो मोबाइल नं. 7235870104, 9643322919, 8929182234 पर संपर्क करें।**

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर



**डा0 नवीन कुमार सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ



**डा0 शिल्पी सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

- फ्रेक्चर
- गठिया
- कमर दर्द
- ऑथराइटिस
- कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण
- इत्यादि रोगो का इलाज
- सिजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- ट्यूमर का ऑपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा
- बच्चे की जाँच
- नार्मल डिलीवरी

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
**इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध**

नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड, जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050

# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल



**डा0 स्पृहा सिंह**
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद



**डा0 जयेश सिंह**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- हमारे यहाँ आयुष्मान कार्ड के द्वारा नवजात शिशु व बच्चों के डायलसिस की सुविधा
- निशुल्क उपलब्ध है। ▪ इत्यादि समस्त रोगो का इलाज की सुविधा।

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस, निमोनिया,
- लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया,
- डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी, नसों में शून्नपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया,
- हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया, खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन
- स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

**आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं**
पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर (उ0प्र0)
05452-356274/ 7992031213, 9026551423

# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर



जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथिरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

**डा. अरुण आर. सिंह**
कन्सलटेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एम.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

**डा0 पुनीत सिंह**
M.S.M.C.H.
गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

**डा0 रवि प्रकाश सिंह**
M.S. (Ortho)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 प्रभात सिंह**
M.D.( Medicine)
कंसल्टेंट फिजिशियन

**डा0 सुमित कुमार सिंह**
M.D.( Neuro Psychiatrist)
मानसिक रोग विशेषज्ञ

24/7 Emergency Services

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
Medi Assist STAR
**आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधाएं**
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर

# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल

The Culture of Care



**डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव**
B.A.M.S.
(स्त्री रोग विशेषज्ञा)

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय**
राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना संबद्ध अस्पताल

**आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**
के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
प्रदेश के लगभग 6 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख रुपये तक के इलाज पूरी तरह से निःशुल्क

24/7 Emergency Services
24 घंटे भर्ती की सुविधा

आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी



**डॉ. विवेक श्रीवास्तव**
M.D. (Physician, F.G.O.
(APOLO HOSPITAL) P.G.D.S.
Member of Indian Medical
Association UPMCI Rg. No. 95653

नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर) 9138828282, 8686867547


एस.आर.एस.
हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. अभय प्रताप सिंह
MBBS (KGMU), DNB(Ortho), MS (Ortho)
UCN, FIJR (Germany), MNAMS
आर्थ्रोस्कोपिक एण्ड ज्वाइंट
रिप्लेसमेन्ट आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. आनन्द त्रिपाठी
MBBS, MD, DM (Neuro)
न्यूरो फिजिशियन
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. निदा सलाम
CGO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. प्रतिदिन
डा. अरविन्द कुमार अग्रहरि
MBBS, MS, MCH (Neuro)
न्यूरो सर्जन
विजिटिंग/ऑन काल
डा. एस.के. मिश्र
MBBS, MS (General Surgeon)
जनरल सर्जरी
विजिटिंग/ऑन काल
डा. चंचला मिश्रा
MBBS, MS (Obs & Gyn.)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
डा. राजेश त्रिपाठी
MBBS, MD (Anesthesia)
एनेस्थिसिया रोग विशेषज्ञ
विजिटिंग/ऑन काल
7355 358194 05452- 356555
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर के सामने (पेट्रोल पम्प के बगल में) नईगंज तिराहा, जौनपुर


BAJAJ
ए. एम. बजाज
मो. अशहद
अब्दुल माजिद
मानी कलां, गुरैनी रोड, जौनपुर- 222139
9621032024, 9651316060, 9621139686


AMIR TRAVELS
Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL AIR TICKETS
Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services
Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer
TV
उत्तरशक्ति
NEWS
Withdrawal & Deposit Money From All (atm & Adhar Services)
Passport, Pan Card & Driving License Services
Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva Kendra Related Services
7860303530, 9616636079
प्रो0- मो0 आसिफ सिद्दीकी संवाददाता गुरैनी, मानीकलां
सह- संपादक डॉ. इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उर्फ़ बाबू भाई) उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक, जौनपुर-लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ. प्र0)